
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 26 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 8 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### प्रत्याशी के खिलाफ और पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व विधायक को कांग्रेस ने किया छह साल के लिए निष्कासित

**कबीरधाम।** कांग्रेस के पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह को छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। मंगलवार को मतदान के बाद देर रात प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदेश जारी किया है। दरअसल, विधानसभा चुनाव में कवर्धा के कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण कवर्धा के पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह उर्फ योगीराज को कोंग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार ये कार्रवाई की गई हैं। योगेश्वर राज सिंह ने कवर्धा सीट पर चुनाव में आप पार्टी के प्रत्याशी खड्ग राज सिंह का खुलेआम प्रचार किया था। यहां पर कांग्रेस से मंत्री मोहम्मद अकबर प्रत्याशी है।

***केजरीवाल की रैली में भी दिखाई दिए थे योगेश्वर राज सिंह***

गौरतलब है कि आदिवासी समाज से ताल्लुक रखने वाले सहसपुर लोहारा रियासत के राजा खड्गराज सिंह आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी आदिवासी समाज में अच्छी खासी पकड़ है। वे पूर्व में नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। हालांकि, तब वे भाजपा में थे। इसके अलावा कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक रह चुके योगेश्वर राज सिंह भी आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी खड्गराज सिंह का समर्थन कर रहे थे। योगेश्वर राज सिंह व खड्गराज सिंह दोनों रिश्तेदार हैं। चार अक्टूबर को कवर्धा में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल व पंजाब के सीएम भगवत मान की रैली में भी योगेश्वर राज सिंह दिखाई दिए थे।

### आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान ने इलाज के दौरान तोड़ा दम, ओडिशा के रहने वाले थे प्रकाश चंद्र शिओल

**कांकेर।** कांकेर में कल पोलिंग पार्टी को ले जाते समय छोटे बेठिया थाना के तहत रेंगावाही इलाके में हुए नक्सली आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान की इलाज के दौरान मौत हो गई। कल ब्लास्ट में घायल हुए जवान को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया था। राजधानी रायपुर के श्री नारायणा अस्पताल में घायल जवान का इलाज चल रहा था। आज इलाज के दौरान जवान की मौत होने की जानकारी मिल रही है। जवान का नाम प्रकाश चंद्र शिओल था। जवान बालेश्वर, ओडिशा के रहने वाले थे। पुलिस अधीक्षक कांकेर दिव्यांग पटेल ने पूरे मामले की जानकारी दी है।

### एनआईए का देश के अलग-अलग राज्यों में छापा, जम्मू से रोहिंग्या को हिरासत में लिया

**जम्मू कश्मीर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मानव तस्करी में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए बुधवार को देशव्यापी छापा मारा। एजेंसी ने इस दौरान जम्मू शहर के बठिंडी से रोहिंग्या को हिरासत में लिया। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि आठ राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में की जा रही छापेमारी मानव तस्करी के मामलों से संबंधित है। अधिकारी ने कहा कि त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व पुडुचेरी में तलाशी ली गई। जम्मू में एक अधिकारी ने कहा कि म्यांमार के एक रोहिंग्या नागरिक को छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया।

# बाबूजी, आपकी प्रेरणा सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी जनसेवा से बढ़कर न कुछ है...न रहेगा- अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ इलेक्शन न्यूज़

**दुर्ग।** यही वे दिन हुआ करते थे, जब बाबूजी दिल्ली से आते और अपने नए-पुराने साथियों के साथ बैठकर घंटों मशविरा करते, उनका उत्साह और ऊर्जा सबको प्रकाशवान करती...। युवाओं को बाबूजी राजनीति में शुचिता का पाठ पढ़ाते और यह सबक भी देते कि राजनीति, धन कमाने की बजाए जनसेवा और लोगों से जुड़ने का एक अटूट माध्यम है। वे सीख देते कि राजनीति में जनता की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं होता। आप जनसेवा के लिए जितना तत्पर रहेंगे, जनता के बीच आपका प्रेम और भरोसा उतना ही मजबूत होगा। बाबूजी कहते थे,- राजनीति में उच्च पद मिले तो भी जमीन से जुड़े रहो। क्योंकि पद तो आते-जाते रहते हैं। जमीन कमजोर होगी तो जनता का भरोसा ही खत्म हो जाएगी। आज बाबूजी हमारे बीच नहीं है। लेकिन उनकी दी हुई सीख राजनीति की पाठशाला का सबसे बड़ा महामंत्र है। वास्तव में बाबूजी का सम्पूर्ण व्यक्तित्व ही महाकाव्य है।

पिछले 6 दशकों में यह पहला विधानसभा चुनाव है जब दुर्ग शहर बाबूजी के चरणरज और उनके आशीर्वचनों के बिना लड़ा जाएगा। लेकिन शहर के कांग्रेसी आज भी उन्हें अपनी स्मृतियों में अक्षुण्ण रखकर भरोसा दे रहे हैं कि जिस पार्टी को वे अपनी अंतिम श्वासों तक सींचते रहे, उसे बुलंदियों की ओर ले जाना है। दुर्ग शहर से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार और यहां के सबसे बड़े जनसेवक, बाबूजी के लाड़ले अरुण वोरा इस बार भी उन्हीं आदर्शों और राजनीति के उच्च मापदंड़ों के साथ चुनाव मैदान में हैं। पूरे दुर्ग शहर की तरह अरुण वोरा भी आज अपने पिता व आदर्श स्व. मोतीलाल वोरा को याद कर रहे हैं। आज प्रातः जब कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा राजेन्द्र पार्क चौक में स्थापित स्व. वोरा के प्रतिमा स्थल पहुंचे तो उनकी आंखों में श्रद्धा के आंसू थे। साथ ही था, बाबूजी के बिना पहला चुनाव लड़ने का एक बहुत भारी और असह्य अहसास। लेकिन करबद्ध और विनीत भाव से अरुण वोरा, बाबूजी से मन ही मन यह वायदा कर रहे थे कि बाबूजी, आपकी सीख सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी। जनसेवा से बढ़कर उनके लिए न कुछ है.. न भविष्य में रहेगा।



### बाबूजी ने दी राजनेताओं को जनसेवा की प्रेरणा

पिछले दिनों दुर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने जो बातें कही, उसने शहर के कांग्रेसियों को भावनात्मक रूप से काफी प्रभावित किया। यह वह वक्त था, जब कांग्रेस में टिकट वितरण नहीं हुआ था। बावजूद इसके गृहमंत्री श्री साहू ने भरे मंच से अरुण वोरा के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा था कि जिस तरह बाबूजी ने अनेक राजनेताओं को जनसेवा की प्रेरणा दी, उसी प्रेरणा व सेवाभाव से अरुण वोरा दुर्ग की सेवा करते रहेंगे। इस अवसर पर अरुण वोरा ने कहा कि शहरवासियों से वोरा परिवार का पारिवारिक व भावनात्मक रिश्ता है, जो विरोधियों के दुष्प्रचार से कभी खत्म नहीं होगा। उन्होंने कहा था कि मतदाताओं को भगवान मानकर शहर के हर व्यक्ति की अंतिम सांस तक सेवा करने का संकल्प व जनकल्याण ही उनके संस्कार हैं। अपने लम्बे राजनीतिक कैरियर में अरुण वोरा सदैव बेदाग रहे हैं। उनकी छवि क्षेत्र में बहुत अच्छी है। इसके अलावा उनका क्षेत्र के लोगों से जीवंत सम्पर्क भी पूरे 5 वर्षों तक बना रहता है। यह विडंबना रही कि 2013 में जब वे निर्वाचित हुए तो भाजपा की सरकार थी। बावजूद इसके विपक्ष के विधायक के रूप में भी उन्होंने दुर्ग शहर के लिए अच्छा काम किया। 2018 में चुनाव जीतने के बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो वोरा दुर्ग शहर को चमकाने के अभियान में लग गए। भाजपा के लोग खराब सड़कों का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हैं, लेकिन यह देखना भी जरूरी है कि विस्तार पाते दुर्ग शहर की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए घर-घर पानी पहुंचाना आवश्यक था। दुर्ग शहर के कई इलाकों को गम्भीर पेयजल संकट से उबारने के लिए जरूरी था कि लोगों को जलापूर्ति घर में ही और बेहतर तरीके से हो। इसलिए पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदा गया। यह भी वोरा की ही उपलब्धि है कि शहर की ज्यादातर सड़कों का पुनर्निर्माण भी करा लिया गया है। इसके अलावा नगर निगम के माध्यम से वोरा ने पूरे शहर में अभूतपूर्व विकास के काम करवाए हैं।

### अरुण वोरा सातवीं बार मैदान में

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से सातवीं बार चुनावी मैदान में उतरे वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा को चुनाव प्रचार के दौरान सभी 60 वार्डों में अपार जन समर्थन व माताओं बहनों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। श्री वोरा ने इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए दुर्ग की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जनता का यही दुलार उनकी पूंजी है। दुर्ग में विकास की गति आगे भी जारी रहेगी। शहर की जनता को हर तरह की सुविधा मिले और उन्हें किसी भी तरह की तकलीफ न हो इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहा हूं और आगे भी रहूंगा। दुर्ग शहर में इस बार पूरे जोर-शोर से नारा चल रहा है - फेर ए दारी, अरुण भैय्या के बारी। गौरतलब है कि श्री वोरा 1993 में पहली बार विधायक बने थे इसके बाद लगातार तीन बार पराजित हुए। लेकिन पराजय. के बाद भी वे मतदाताओं की सेवा में तत्पर रहे। इसका परिणाम यह हुआ कि पिछले दो चुनाव में लगातार विजयी हुए। इस तरह श्री वोरा पिछले छह चुनाव में तीन बार विजयी हुए है और तीन बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। अब पिछले दो चुनाव में जीत के बाद भी श्री वोरा तीसरी बार हैट्रिक की दहलीज पर खड़े है। श्री वोरा ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि 1972 से 1992 तक उनके पूज्य, आदर्श स्व. मोतीलाल वोरा दुर्ग की सेवा करते रहे हैं। जनता के आशीर्वाद की वजह से ही बाबूजी को विभिन्न पदों पर रहने का अवसर मिला। उन्होने कहा कि बाबूजी ने कभी भी दुर्ग को राजनीति का अखाड़ा नही माना बल्कि दुर्ग की जनता को परिवार मानकर सेवारत रहे। श्री वोरा ने कहा कि दुर्ग की जनता का मुझे भरपूर प्यार, स्नेह व आशीर्वाद मिला है। मैने निष्काम भाव से ईमानदारी के साथ जनता की सेवा की है। उन्होने भावनात्मक लहजे से यह भी कहा कि जब तक जीवित रहूंगा जीवन पर्यन्त जनता की सेवा करता रहूंगा। एक सवाल के जवाब में श्री वोरा ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के लिए सभी जातियां सभी समाज एक समान होते है। इसमें किसी भी तरह का भेदभाव नही होना चाहिए। दुर्ग शहर विधानसभा का पूरा क्षेत्र मेरे लिए एक परिवार तुल्य है। उन्होने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि को कभी भी वोट का अनुमान नही लगाना चाहिए। आशीर्वाद का अनुमान लगाना चाहिए। शहर की जनता के विश्वास की कसौटी पर खतरा उतरने का प्रयास निरंतर जारी है। श्री वोरा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में दुर्ग विकास से कोसों पीछे चला गया था। भूपेश बघेल के नेतृत्व में जब राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी तब पूरे प्रदेश के साथ दुर्ग में विकास शुरू हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकास के लिए पांच साल में पांच सौ करोड़ रूपए दिए है। भाजपा के शासन में दुर्ग की उपेक्षा ही होती रही है।


### स्व. बाबूजी ने दिलाई दुर्ग को पहचान



दुर्ग शहर में वोरा परिवार का नाम यदि सम्मान के साथ लिया जाता है तो इसकी सबसे बड़ी वजह इस परिवार द्वारा शहर हित में कराए गए काम और मतदाताओं के साथ पारिवारिक संबंध हैं। पहले वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा ने एक छोटे से नगर को शहर बनाया और उसके बाद इस शहर में विकास की गंगा उनके बहाई। आज भी दुर्ग शहर की कई इमारतें और प्रतिष्ठान स्व. मोतीलाल वोरा की दूरदृष्टि की गवाही देतीं हैं। स्वयं अरुण वोरा कहते हैं कि उनके परिवार के लिए दुर्ग शहर राजनीति का अखाड़ा नहीं है। जनता उन पर भरोसा करती है और उस भरोसे पर खरे उतरने के लिए वे भरसक प्रयास करते हैं। अरुण वोरा के मुताबिक, दुर्ग के प्रत्येक घर से उनके पारिवारिक संबंध हैं। यही संबंध वोरा परिवार की पूंजी है। अरुण वोरा कांग्रेस की टिकट पर सातवीं बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उनका चुनाव अभियान गतिमान है। जैसे-जैसे चुनाव अभियान, मतदान तिथि तक पहुंचेगा, जनसम्पर्क अभियान भी पूरे शबाब पर होगा। इस बार भी कांग्रेस पार्टी एकजुटता से चुनाव लड़ने जा रही है। वैसे भी, अरुण वोरा निर्विवाद रहे है। भले ही इस बार कांग्रेस की टिकट के लिए बहुत सारे लोगों ने आवेदन किया था, लेकिन यह सबको पता था कि टिकट के असल दावेदार श्री वोरा ही हैं। बाबूजी के बिना होने वाले इस चुनाव में कांग्रेसियों ने गजब की एकजुटता दिखाई है। स्थितियां अनुकूल है। श्री वोरा जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। लेकिन इन सबके बीच कांग्रेस प्रत्याशी श्री वोरा अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंच रहे हैं और उन्हें भरोसा दिला रहे हैं कि शासन की प्रत्येक योजनाओं का लाभ उन तक जरूर पहुंचेगा।

### रविन्द्र चौबे ने कहा था,- अरुण देश के सबसे सक्रिय विधायक

चुनाव प्रचार अभियान के दौरान श्री वोरा घर-घर जनसम्पर्क कर रहे हैं, जहां महिलाओं ने आरती का थाल लेकर उनका स्वागत कर रही हैं। लोग स्वस्फूर्त श्री वोरा को फूल-मालाओं से लाद रहे हैं। लोगों के इस स्नेह से श्री वोरा अभिभूत हैं। इस बीच श्री वोरा को लेकर वरिष्ठ मंत्री ताम्रध्वज साहू व रविन्द्र चौबे के वक्तव्यों की चर्चा भी चल रही है। दुर्ग में हुए संकल्प शिविर के दौरान कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने अरुण वोरा को देश का सबसे सक्रिय विधायक बताया था। वहीं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भावुक होते हुए कहा कि लंबे अरसे के बाद दुर्ग कांग्रेस अपने मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत मोतीलाल वोरा की अनुपस्थिति में चुनाव के मैदान में है। जिस तरह से बाबूजी ने पूरे प्रदेश को अपना परिवार मानते हुए देश एवं कांग्रेस की कर्मठता से सेवा की, अरुण वोरा को जिता कर उन्हें शहर सच्ची श्रद्धांजलि देगा। इधर, जनता के मिल



रहे अपार समर्थन से अभिभूत श्री वोरा ने एक बार फिर दुर्ग शहर में कांग्रेस का परचम लहराने की बात कही है। उन्होंने एक बार फिर टिकट देकर भरोसा जताने के लिए पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि वे शीर्ष व प्रादेशिक नेतृत्व के भरोसे पर पूरी तरह खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि जब-जब भाजपा का शासन आया तब-तब दुर्ग शहर ठगा गया। उसके जनप्रतिनिधियों ने शहर के विकास की सदैव अनदेखी की। नगर निगम में भी भाजपाई सत्ता के रहते कोई काम नहीं हो पाया। लेकिन विगत 5 वर्षों में स्थितियां बदली है। शहर में काम दिख रहा है। यह भूपेश बघेल की अगुवाई और दुर्ग शहर में कांग्रेस के दमदार नेतृत्व की वजह से ही हो पाया है।

## फेक वीडियो और छत्तीसगढ़ के चुनाव

श्रीकंचनपथ




चुनावी मौसम में एक बार फिर एक 'क्राफ्टेड वीडियो' सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। यह वीडियो भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव को लेकर है। वैसे 'क्राफ्टेड वीडियो' और गलत संदर्भ में वीडियो का इस्तेमाल अब बेहद आम हो चला है। लोग ऐसे वीडियो का मजा भले ही लेते हों पर इन पर यकीन शायद ही कोई करता है। सब को पता है कि फोटो की तरह वीडियो में भी चेहरे बदले जा सकते हैं। पर वीडियो में यदि सेक्स का तड़का हो तो वह वायरल हो ही जाता है। इससे पहले भाजपा के पूर्व मंत्री राजेश मूणत का भी वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे पुलिस कर्मियों से उलझते और कार्यकर्ताओं को गालियां देते दिखाई गए थे। इससे भी पहले पिछले चुनाव के दौरान मूणत का एक वीडियो वायरल किया गया था। इसकी सीडी अखबारों और नामचीन लोगों तक पहुंचाई गई थी, जिसे सुबह-सुबह कोई उनके शटर से नीचे से सरका गया था। जिस तरह इस सीडी में मूणत को किसी पराई महिला के साथ हमबिस्तर दिखाया गया था ठीक उसी तरह इस बार देवेन्द्र को सेक्स करते दिखाया गया है। फैक्ट चेक में दोनों ही सेक्स वीडियो को फर्जी और क्राफ्टेड बताया गया था। गाली गलौज वाले वीडियो के बारे में भी खुलासा हुआ था कि यह एक पुराना वीडियो है जिसे गलत संदर्भ से जोड़ा गया है।

आम तौर पर ऐसे वीडियो आने के बाद लोग डिफेंसिव हो जाते हैं पर देवेन्द्र ने जो किया उसने पूरा पासा ही पलट दिया। कहां तो चले थे देवेन्द्र को बदनाम करने, उलटे उसने महिलाओं की सहानुभूति बटोर ली और युवा कार्यकर्ताओं के भी हीरो बन गए। देवेन्द्र के बारे में कहा जाता है कि वो खुलकर खेलने में यकीन करते हैं। उनमें चारित्रिक ऐब नहीं हैं। पैसा कमाने में आज का समाज कोई बुराई नहीं देखता। जब ईडी ने उनके यहां छापा मारा था, तब भी वो खुलकर सामने आए थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के सामने खुलकर अपनी बात रखी थी। जांच से जुड़े डिटेल्स तक शेयर किये थे। उस समय भी उनके समर्थन में युवाओं का एक बड़ा हुजूम उनके आवास पर इकट्ठा हो गया था। सेक्स सीडी आने के बाद भी उन्होंने यही किया। उन्होंने 'क्राफ्टेड वीडियो' जारी करने वालों को खुली चुनौती दी कि लड़ना है तो सामने आकर लड़ो। कायरों की तरह छिप कर क्यों वार किया जा रहा है? इसके साथ ही उनके आंसू छलक गए। जब कोई मजबूत इंसान रोता है तो देखने वालों का दिल भी रो पड़ता है। हुआ भी यही- कांग्रेस के धुर विरोधी भी कहने लगे कि यह गलत है। देवेन्द्र ने इस मामले में परिपक्वता का ही परिचय दिया है पर सभी लोग ऐसा नहीं कर पाते। कुछ लोग वीडियो के ऐवज में मुंहमांगी रकम देते हैं। ऐसा संभव नहीं हुआ तो आत्महत्या कर लेते हैं। देवेन्द्र ने ऐसे लोगों को लड़ने की प्रेरणा दी है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

### मतदान का पहला दौर

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मंगलवार को मिजोरम की सभी 40 सीटों और छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की 20 सीटों के लिए पड़े मतदान का भारी प्रतिशत साफ बता रहा है कि अपने अमृत काल तक आते-आते भारतीय लोकतंत्र की जड़ें कितनी पुख्ता हो चली हैं। निस्संदेह, यह हमारे लोकतंत्र की परिपक्वता की मुनादी है। गौर कीजिए, ये सभी सीटें आदिवासी बहुल इलाकों की हैं, जिन्हें समाज में हाशिये पर माना जाता रहा है। खासकर छत्तीसगढ़ में सुरक्षा संबंधी तमाम गंभीर चिंताओं के बावजूद बड़ी तादाद में मतदाता मतदान केंद्र तक आए, तो इसके लिए चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन की निश्चय ही सराहना की जानी चाहिए। हालांकि, हर बार की तरह इस बार भी नक्सलियों ने मतदाताओं को भयभीत करने के लिए अपने तईं पूरी कोशिश की थी। बीते शनिवार को ही नारायणपुर जिले के भाजपा नेता की नृशंस हत्या कर दी गई थी। मतदान के दौरान भी सुकमा और कांकेर में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम तीन सुरक्षाकर्मी जख्मी हो गए। नक्सलियों को समझना चाहिए कि मतदाताओं की बढ़ी आकांक्षाओं के आगे अब उनका आतंक बेमानी हो चुका है। यह चुनाव-दर-चुनाव साबित हो रहा है।

> “ पिछले सात महीनों से अशांत मणिपुर की आंच मिजोरम तक भी पहुंची है, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में कुकी आबादी बसती है और इस घटनाक्रम के बाद पूर्वोत्तर के किसी राज्य का यह पहला चुनाव है, इसलिए नई दिल्ली को भी इस सूबे के जनादेश का खास इंतजार होगा।

मंगलवार को शाम पांच बजे तक इन 20 सीटों पर लगभग 71 फीसदी वोट पड़ चुके थे। ऐसे में, उम्मीद की जानी चाहिए कि जब शेष 70 सीटों पर 17 नवंबर को वोट पड़ेंगे, तब छत्तीसगढ़ अपने पिछले रिकॉर्ड 76.45 प्रतिशत मतदान को पीछे छोड़ देगा। मिजोरम एक जनजाति बहुल प्रदेश है। इसकी 40 में से 39 सीटें आरक्षित हैं। मगर वहां के नागरिक अपने लोकतांत्रिक दायित्व के प्रति कितने जागरूक हैं, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले कई चुनावों से वहां 80 प्रतिशत से अधिक मतदाता अपने जन-प्रतिनिधि चुनने को बाहर निकलते रहे हैं। पूर्वोत्तर के अपेक्षाकृत शांत सूबों में शुमार मिजोरम का विधानसभा चुनाव इस बार इसलिए भी अहम है कि इससे सतबहिनी राज्यों की सियासी हवा के कुछ संकेत मिलेंगे। पिछले सात महीनों से अशांत मणिपुर की आंच मिजोरम तक भी पहुंची है, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में कुकी आबादी बसती है और इस घटनाक्रम के बाद पूर्वोत्तर के किसी राज्य का यह पहला चुनाव है, इसलिए नई दिल्ली को भी इस सूबे के जनादेश का खास इंतजार होगा। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव इसलिए भी खास हैं कि न सिर्फ ये अखिल भारतीय विस्तार लिए हुए हैं, बल्कि 3 दिसंबर को इनके नतीजों के साथ ही देश में आम चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो जाएगी। इसलिए चाहे भारतीय जनता पार्टी हो या कांग्रेस या फिर दावेदार क्षेत्रीय पार्टियां, वे जानती हैं कि इन विधानसभा चुनावों के नतीजों की छाया कुछ न कुछ आम चुनाव पर भी पड़ेगी। इसलिए लाजिम है कि पार्टियों ने पूरा जोर लगा दिया है। मिजोरम और तेलंगाना में जहां क्षेत्रीय दलों की सरकारें हैं, तो वहीं राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। पहले चरण के मतदान में मतदाताओं ने जो उत्साह दिखाया है, यदि अन्य राज्यों के अगले चरणों में वह बरकरार रहा, तो यकीनन यह लोकतंत्र के लिए शुभ होगा। पहले चरण के मतदान की परीक्षा में चुनाव आयोग सफल रहा है, पर उसे अभी मतदान के तीन और चरणों से गुजरना है। उम्मीद है, वह इन्हें भी शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सुनिश्चित कराने में सफल होगा।

### भारत की दो हकीकतें

भारतीय समाज की इस समय दो हकीकतें हैं। बहुसंख्यक आबादी की जिंदगी अधिक संघर्षपूर्ण होती गई है, मगर उसी समय लोगों में भविष्य बेहतर होने का भरोसा मजबूत होता गया है। भोजन और आवास के लिए रोजमर्रा का संघर्ष करने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है, लेकिन सरकार और संस्थाओं में लोगों का यकीन मजबूत होता गया है। गैलप वर्ल्ड दुनिया की भरोसेमंद सर्वे एजेंसी है। वह हर साल अलग-अलग देशों के बारे में अपनी रिपोर्ट जारी करती है। भारत में 2022 में किए गए सर्वे की रिपोर्ट कुछ समय पहले जारी हुई है। इसके जो निष्कर्ष हैं, उन्हें दो श्रेणियों में रखा जा सकता है। पहली श्रेणी के निष्कर्ष है: युवाओं का अपने बेहतर भविष्य में भरोसा मजबूत हुआ है, ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी है जो मानते हैं कि उनके बच्चों के अवसर बेहतर हुए हैं, शिक्षा को लेकर संतोष में वृद्धि हुई है, बहुसंख्या यह मानती है कि नौकरी पाने के लिहाज से यह अच्छा समय है, उपलब्ध वायु और जल की गुणवत्ता से संतुष्ट लोगों की संख्या बढ़ी है, और साल भर पहले की तुलना में वित्तीय संस्थानों में भरोसा रखने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई है। अब दूसरे निष्कर्षों पर गौर करे: हर दस में चार व्यक्ति ने कहा कि (2022 में) उसे रोजमर्रा के भोजन के लिए ज्यादा जद्दोजहद करनी पड़ी, और ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी जिन्हें लगता है कि आवास उनकी पहुंच से और दूर हो गया है। गैलप सर्वे के इस अंतर्विरोध का विश्लेषण करते हुए तीन अर्थशास्त्रियों ने एक अखबार में लिखा- 'सत्ताधारी एनडीए में लोगों का ऊंचा भरोसा बना हुआ है। हिंदुत्व, अति केंद्रीकरण, और व्यक्ति पूजा की बढ़ी संस्कृति इसके पीछे प्रेरक तत्व हैं। लेकिन हम अपने विश्लेषण से इस निष्कर्ष पर हैं कि दरअसल, एनडीए में ऊंचा भरोसा भोजन और आवास की स्थिति बिगड़ने का एक कारण है।' दरअसल, जिस समय चुनाव आयोग से लेकर न्यायपालिका तक और आम जांच एजेंसियों से लेकर सेबी तक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हों, संस्थाओं में भरोसा बढ़ना एक विडंबना ही है। मगर भारत इस समय ऐसे ही अंतर्विरोध में जी रहा है।

### देश छोड़ने की होड़

अति धनी और साधन विहीन दोनों तरह के लोगों का भारत से भरोसा क्यों टूट रहा है? उन्हें अपने लिए यहां बेहतर अवसर क्यों नजर नहीं आते? विडंबना ही है कि ऐसा अमृत काल में हो रहा है! इस खबर पर शर्म का अहसास होना लाजिमी है कि अमेरिका में अवैध रूप से घुसने के दौरान पकड़े जाने वाले भारतीयों की संख्या में पांच गुना तक उछाल आया है। जाहिर है, अनेक ऐसे लोग अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर जाते होंगे। यानी भारत से इस रूप में अमेरिका जाकर बसने की कोशिश करने वाले लोगों की संख्या असल में उससे कहीं ज्यादा है, जितनी अभी आधिकारिक तौर पर बताई गई है। अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक एक साल में 96,917 भारतीय नागरिकों को अमेरिका में अवैध रूप से घुसने की कोशिश करते पकड़ा गया। यह आंकड़ा अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच की अवधि का है। आंकड़ों के मुताबिक यह एक नया रिकॉर्ड है और तीन साल पहले के आंकड़ों में पांच गुना उछाल है। 2019-20 में ऐसे लोगों की संख्या सिर्फ 19,883 थी। ताजा मामलों में 41,770 भारतीय मेक्सिको की सीमा से पकड़े गए और 30,010 कनाडा की सीमा से। बाकी लोगों को अमेरिका में घुसने के बाद पकड़ा गया। अनुमान लगाया जा सकता है कि इस रूप में जिन लोगों ने अमेरिका जाने की कोशिश की, वे साधन संपन्न नहीं होंगे। वरना, वे वीजा लेकर वहां जाते। अमेरिका की एक योजना के मुताबिक ढाई लाख डॉलर का निवेश की योजना रखने वाले लोगों को वहां स्थायी निवास का वीजा तुरंत मिल रहा है। हाल में आई खबरों के मुताबिक भारत के उच्च आय वर्ग के लोगों (सालाना आमदनी दस लाख डॉलर) के भी भारत की नागरिकता छोड़ने की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। ऐसे अधिकांश लोग विकसित देशों में जाकर बसते हैं, हालांकि उनमें से कुछ लोग उन देशों की नागरिकता भी लेते हैं, जिन्हें टैक्स हैवन कहा जाता है।

> “ निर्वाचित राज्य सरकारों और केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपालों के बीच टकराव कई सवाल खड़े करता है, पर उनका जवाब खोजने के बजाय अमूमन उनसे मुंह चुरा लिया जाता है। पंजाब, केरल, तेलंगाना और तमिलनाडु में टकराव के अलावा भी ज्यादातर राज्यों में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के रिश्ते अच्छे नहीं हैं, जो लोकतंत्र और संविधानसम्मत शासन के लिए शुभ नहीं है।

# राज्यपालों पर सवालों का सिलसिला

राज कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार

पंजाब में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के बीच विवाद में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी राजभवनों को फिर आईना दिखाने वाली है। महाराष्ट्र प्रकरण में सर्वोच्च अदालत द्वारा स्पीकर ही नहीं, राज्यपाल के आचरण पर भी की गई टिप्पणियां ज्यादा पुरानी नहीं हैं। अब पंजाब में मंजूरी के लिए भेजे गए विधेयकों को राज्यपाल द्वारा रोके जाने के खिलाफ याचिका पर प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने टिप्पणी की है कि राज्यपालों को अपनी अंतर्रात्मा में झांकने की जरूरत है। उन्हें नहीं भूलना चाहिए कि वे जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं हैं। यह भी कि वे निर्वाचित सरकारों द्वारा विधानसभा में पारित विधेयकों का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने से पहले ही निपटाएं। पंजाब सरकार ने 28 अक्टूबर को याचिका दायर की कि राज्यपाल जुलाई में मंजूरी के लिए भेजे गए सात विधेयकों को रोके बैठे हैं, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। इनमें से दो विधेयकों : पंजाब जीएसटी (संशोधन) विधेयक और इंडियन स्टांप (संशोधन) विधेयक को 1 नवंबर को मंजूरी दी गई। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार और राज्यपाल के बीच विवाद नया नहीं है। इसी साल मार्च में विधानसभा सत्र बुलाते समय भी मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

पंजाब विवाद पर अब 10 नवंबर को सुनवाई होगी, पर यह इस तरह का इकलौता मामला नहीं है। तेलंगाना और केरल की सरकारें भी राज्यपाल द्वारा विधेयक रोके जाने के खिलाफसुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं। शीर्ष अदालत में याचिका के बाद ही तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने लंबित विधेयकों पर कार्रवाई की है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर आरोप है कि वह आठ विधेयकों को रोके हुए हैं, जिनमें से तीन विधेयक तो दो साल से भी पुराने हैं। तमिलनाडु में भी मुख्यमंत्री एम के स्टालिन व राज्यपाल आर एन रवि के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है।

निर्वाचित राज्य सरकारों और केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपालों के बीच टकराव कई सवाल खड़े करता है, पर उनका जवाब खोजने के बजाय अमूमन उनसे मुंह चुरा लिया जाता है। पंजाब, केरल, तेलंगाना और तमिलनाडु में टकराव के अलावा भी ज्यादातर राज्यों में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के रिश्ते अच्छे नहीं हैं, जो लोकतंत्र और संविधानसम्मत शासन के लिए शुभ नहीं है। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ के बीच कटुता चरम पर दिखी। झारखंड में भी मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच तकरार की खबरें रहती हैं। दरअसल, जिन राज्यों में केंद्र से इतर राजनीतिक दलों की सरकारें हैं, वहीं ऐसी तकरार बहुत कुछ कह भी देती है। केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपाल



आमतौर पर उसके अपने दल के चुनाव-पराजित अथवा बुजुर्ग राजनेता या फिर चहेते पूर्व नौकरशाह आदि होते हैं, इसलिए भी वह दूसरे राजनीतिक दल की राज्य सरकार को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

ऐसा नहीं है कि मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के बीच टकराव अचानक बढ़ गया है। हां, उसका स्वरूप अवश्य बदला दिखता है। अब राज्यपाल अपनी सांविधानिक शक्तियों की सुविधाजनक व्याख्या कर निर्वाचित सरकारों के कामकाज में अड़ंगे लगाते हैं, जबकि अतीत में वे सरकारों को बर्खास्त कर (अपने आकाओं की) मनपसंद सरकार बनाने की हद तक जाते रहे हैं। बहुत शुरू में यह कोशिश नजर आई कि राज्यपाल नियुक्त करते समय संबंधित राज्य सरकार को भी विश्वास में ले लिया जाए, पर वैसा अपवाद स्वरूप ही हुआ। राज्यपाल को औजार बनाकर दूसरे दलों की राज्य सरकारों को अस्थिर करने का खेल आजादी के एक दशक बाद ही शुरू हो गया था। वाकया 1958 का है, जब केरल में शिक्षा में बदलाव संबंधी आंदोलन की आड़ लेकर राज्यपाल ने वामपंथी सरकार को बर्खास्त कर दिया गया था। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की विडंबना यह है कि राज्यपाल के जरिये संविधान के अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग कर निर्वाचित राज्य सरकार को अस्थिर करने की वह घटना अपवाद के बजाय, परंपरा बन गई। 1967 में राज्यपाल धर्मवीर ने पश्चिम बंगाल में अजय मुखर्जी की बहुमत प्राप्त वामपंथी सरकार को बर्खास्त कर वहां पी सी घोष के नेतृत्व में कांग्रेस समर्थित सरकार बनवा दी थी। 1977 और 1980 में तो यह जैसे म्यूजिकल चेअर गेम बन गया था। आपातकाल के बाद हुए आम चुनाव में जनता पार्टी केंद्र में सत्तारूढ़ हुई, तो कई कांग्रेस शासित राज्य सरकारें बर्खास्त कर राज्यपाल भी हटा दिए गए। 1980 में सत्ता में वापसी के बाद इंदिरा गांधी ने भी उसी अंदाज में हिसाब चुकता किया।

अभिनेता से राजनेता बने मुख्यमंत्री एन टी रामाराव 1984 में हार्ट सर्जरी के लिए विदेश गए, तो राज्यपाल रामलाल ने एक मंत्री एन भास्कर राव को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा दी। एनटीआर की स्वदेश वापसी के बाद जब हैदराबाद से दिल्ली तक बवाल हुआ, तब शंकर दयाल शर्मा को नया राज्यपाल बनाकर भेजा गया, और एनटीआर सरकार भी बहाल हुई। 1998 में लोकसभा चुनाव के बीच ही उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रोमेश भंडारी ने कल्याण सिंह सरकार को बर्खास्त कर जगदंबिका पाल को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा दी थी। अटल बिहारी वाजपेयी अनशन पर बैठ गए, सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा में बहुमत परीक्षण का आदेश दिया, और अंततः कल्याण सिंह सरकार बहाल हुई।

ऐसे घटनाक्रम की सूची बहुत लंबी बन सकती है, जब राज्यपालों पर केंद्र के एजेंट की तरह काम कर भिन्न राजनीतिक दल की राज्य सरकार को अस्थिर कर गिराने या फिर अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग कर बर्खास्त करने के आरोप लगे। मुख्यमंत्री राज्य में सत्ता के प्रमुख होते हैं, पर संविधान के संरक्षक की भूमिका में राज्यपाल होते हैं। दोनों को सांविधानिक सीमाओं में रहते हुए परस्पर विश्वास और सद्भाव से राज्य हित में अपनी भूमिकाओं का निर्वाह करना चाहिए। जब इन दो महत्वपूर्ण संस्थाओं में ही अशोभनीय टकराव नजर आए, तो शासन तंत्र और उसकी छवि प्रभावित होती ही है। परिणामस्वरूप सर्वोच्च अदालत सख्त टिप्पणियां करने को बाध्य होती है और जागरूक नागरिकों को समाजवादी नेता मधु लिमये का राज्यपाल पद ही समाप्त कर देने का सुझाव विचारणीय लगने लगता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नेपाल में बार-बार भूकंप की वजह चीनी नीतियां तो नहीं

पुष्परंजन, वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली से लगभग 750 किलोमीटर की दूरी पर है पश्चिमी नेपाल का जाजरकोट और रुकुम। सड़क मार्ग से जाइए, तो करीब आठ घंटे लगते हैं। मगर दिल्ली की ऊंची-ऊंची इमारतों में भूकंप के झटके महसूस कराने में महज कुछ सेकंड लगते हैं। प्रकृति बार-बार चेतावनी दे रही है। 3 नवंबर की रात 150 से अधिक लोगों को मौत की नींद सुलाने के 72 घंटे बाद 6 नवंबर को एक बार फिर भूकंप ने एक झटका दिया। चिंता इस बात की है कि कहीं 2015 वाले जलजले से भी भयावह तस्वीर देखने को न मिल जाए, जिसमें नेपाल में नौ हजार से अधिक लोगों की जान चली गई थी। अभी 3 नवंबर को आए भूकंप में जाजरकोट और आसपास के जिलों के 35 हजार लोग बेघर हो चुके थे।

वास्तव में, नेपाल अब भी बड़ी प्राकृतिक आपदाओं को झेलने के लिए सक्षम नहीं है। वर्ष 2015 के गोरखा भूकंप और 2021 में मेलम्ची बाढ़ जैसी आपदाओं से सबक सीखने में यह देश विफल रहा है। हम यह नहीं कह सकते कि भूकंप का सामना करना केवल नेपाल की जिम्मेदारी है। यह भी संभव नहीं कि भविष्य में भूकंप न आए। इंडो-ऑस्ट्रेलियाई टेक्टोनिक प्लेट, जिसमें ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, भारतीय उप-महाद्वीप और आसपास का महासागर शामिल है, दिनोंदिन खतरनाक होती जा रही है। यह प्लेट यूरेशिया की ओर बढ़ रही है, जो तिब्बत को ऊपर की ओर धकेल रही है। हिमालय तो हर साल औसतन दो सेंटीमीटर बढ़ता रहता है। 'यूएस जियोलॉजिकल सर्वे' की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ल्हासा से पचास किलोमीटर उत्तर में वैज्ञानिकों को चुंबकीय खनिजों (मैग्नेटाइट) के कणों से युक्त गुलाबी बलुआ पत्थर की परतें मिलीं। उन्होंने पृथ्वी के फ्लिप-फ्लॉपिंग चुंबकीय क्षेत्र के पैटर्न को भी दर्ज किया



है। ऐसे अध्ययनों से पता चलता है कि जीवाश्म लगभग 10.5 करोड़ वर्ष पहले अपेक्षाकृत हल्के, गीले वातावरण में रहते थे, जब तिब्बत भूमध्य रेखा के करीब था। आज तिब्बत की जलवायु बहुत अधिक शुष्क है, जो लगभग 2,000 किलोमीटर उत्तर की ओर आ रहे बदलाव को दर्शाती है। बलुआ पत्थर की परतों में पाए गए जीवाश्म पिछले 10 करोड़ वर्षों में प्लेटों के खिसकने व तिब्बती क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का सबूत पेश करते हैं। छिंगहाई-तिब्बत पठार की परिधि में हिमालय पर्वत श्रृंखला से लेकर लद्दाख तक का हिस्सा आता है।

बीजिंग को लगता है, ऐसे वैज्ञानिक शोधों का मतलब नहीं। 'वन बेल्ट वन रोड' की महत्वाकांक्षा में डूबे चीने ने जिस तरह से तिब्बत का शहरीकरण किया है, उसे देखने के बाद समझा जा सकता है कि छिंगहाई-तिब्बत पठार की परिधि में आने वाले इलाके तबाही के मुहाने पर किस तरह खड़े हैं। कोविड से कोई नौ माह पहले ल्हासा से काठमांडू सड़क मार्ग से आने का अवसर मिला। लगा नहीं कि दुनिया की छत और आबादी विहीन कहे जाने वाले इलाके से हम गुजर रहे हैं। राजधानी ल्हासा पहले से ही शहरीकृत हो चुका था, शिगाजे, छाम्दो, बायी, छेदांग, नाग्छू समेत 140 वीरान लोकेशन बहुमंजिली इमारतों के साथ शहर के रूप में विकसित हो चुके हैं। 'स्टेट कौंसिल ऑफ चाइना' ने साल 2014 में शहरी आबादी बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया था। 2016 के आते-आते शिगात्से, ल्होका, न्यींग्ट्री, त्सोशर, सिलिंग और चामदो तिब्बत के मेट्रो शहर घोषित हो गए। 2020 में नागचू और नगारी जैसे दो और शहर मेट्रो की श्रेणी में आ गए।

तिब्बत में विस्थापन भी तेजी से हुआ है, जिसकी वजह से पारिस्थितिकी संकट की चपेट में पूरा हिमालय आ चुका है। तिब्बत के सुदूर गांव अब विस्तारित शहरों से जुड़ गए हैं। मूल रूप से खेती और चरागाह के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि पर विशाल बुनियादी ढांचे नमूदार हैं। आवासीय और वाणिज्यिक भवनों का निर्माण तेजी से देखा जा रहा है। स्पष्ट है, इंडो-ऑस्ट्रेलियाई टेक्टोनिक प्लेट पर जिस तरह से बहुमंजिली इमारतों, रैपिड रेल, फैक्टरियों, सड़क-निर्माण जैसी अधो-संरचनाओं का भार बढ़ रहा है, वह भयावह है। बेशक, चीन के विरोध की हैसियत नेपाल की न हो, मगर भारत सरकार को चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर वह इस बात को गंभीरता से रखे!

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# न्यायिक सक्रियता से क्या टकराव बढ़ेगा?

अजीत द्विवेदी

न्यायपालिका और विधायिका के बीच टकराव का क्या नया दौर शुरू होने जा रहा है? देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में कहा है कि विधायिका चाहे तो नए कानून बना सकती है लेकिन वह अदालत के किसी फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है। यह उनका अपना आकलन नहीं है, बल्कि संवैधानिक स्थिति है, जिसका जिक्र करके उन्होंने स्थिति स्पष्ट की। इस बयान को एक के बाद एक हो रही घटनाओं के साथ मिला कर देखें तो समझ में आता है कि आने वाला समय टकराव का हो सकता है। एक के बाद एक अनेक ऐसे मुद्दे सुप्रीम कोर्ट के सामने पहुंच रहे हैं, जिनमें संविधान का सवाल शामिल है। संभवतः तभी चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कुछ समय पहले कहा था कि वे सात सदस्यों की एक स्थायी संविधान पीठ गठित करने पर विचार कर रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो इसका मतलब होगा कि टकराव नहीं भी हो तो विधायिका और न्यायपालिका में स्थायी तनाव बना रहेगा।

वैसे अभी तक देश की उच्च न्यायपालिका और सरकार के बीच एक मुद्दे को छोड़ कर टकराव की स्थिति नहीं बनी है। टकराव का एकमात्र मुद्दा जजों की नियुक्ति का है। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम की ओर से भेजी गई सिफारिशों को सरकार आंख मूंद कर स्वीकार नहीं कर रही है। इस पर कई जज आपत्ति कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने पिछले दिनों कहा कि वह हर 15 दिन पर इस मसले पर सुनवाई करेगी। चीफ जस्टिस ने कहा कि सरकार कॉलेजियम की ओर से भेजे गए नामों को एक बार में मंजूरी नहीं दे रही है, जिससे जजों की वरिष्ठता प्रभावित हो रही है। कॉलेजियम की ओर से भेजी गई दर्जनों सिफारिशें सरकार के पास लंबित रहती हैं। सो, जजों की नियुक्ति के एक मामले को छोड़ दें तो सरकार और न्यायपालिका में टकराव नहीं हुआ है। अदालतें सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणी करती हैं लेकिन फैसला उस टिप्पणी के अनुरूप नहीं करती हैं। कई बार टिप्पणी के बिल्कुल विपरीत फैसला होता है। टिप्पणियों से लगता है कि अदालत बहुत नाराज है और सरकार के खिलाफ फैसला आएगा लेकिन ऐसा नहीं होता है।



परंतु आने वाले दिनों में यह स्थिति बदल सकती है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का एक साल का अगला कार्यकाल टकराव वाला हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के कुछ फैसलों से इसकी बुनियाद रखी जा चुकी है। मिसाल के तौर पर एक फैसला महाराष्ट्र के स्पीकर को विधायकों की अयोग्यता के बारे में फैसला करने की टाइमलाइन देने का है। केंद्र और राज्य सरकार के विरोध के बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर राहुल नार्वेकर को कहा कि वे शिव सेना विधायकों की अयोग्यता पर 31 दिसंबर तक और एनसीपी विधायकों की अयोग्यता पर 31 जनवरी तक अंतिम फैसला करें। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कई बार स्पीकर की निष्क्रियता को लेकर टिप्पणी की थी। अदालत ने कहा था कि वे अनिश्चितकाल तक मामले को लंबित नहीं रख सकते। लेकिन स्पीकर ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। उलटे उन्होंने कहा कि वे फैसले में न देरी करेंगे और न जल्दबाजी करेंगे क्योंकि जल्दबाजी करने से अन्याय होने की संभावना बढ़ जाती है। उनके इस रवैए को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित कर दिया। इस मामले में सरकार ने कहा था कि इससे पीठासीन अधिकारियों को टाइमलाइन देने की गलत परम्परा शुरू होगी और हाई कोर्ट भी इस तरह के आदेश देने लगेंगे।

इसके अलावा दो और मामले थे, जिनमें लगा था कि अदालत का टकराव सरकार के साथ बढ़ सकता है, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले से इस स्थिति को टाल दिया। पहला मामला दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत का था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के कामकाज को लेकर बहुत सख्त टिप्पणी की थी। अदालत ने यहां तक कहा था कि एजेंसी सबूत ले आए नहीं तो केस दो मिनट नहीं टिकेगा। हालांकि बाद में अदालत ने सिसोदिया को जमानत नहीं दी। इसी तरह दूसरा मामला आप के ही दूसरे नेता राघव चड्ढा का था। उनको राज्यसभा से निलंबित किए जाने पर अदालत ने बहुत सख्त टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस तरह से सदस्यों को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित करना चिंताजनक है। तब लगा था कि शायद अदालत संसद के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को लेकर कोई आदेश पारित कर सकती है। लेकिन अंत में अदालत ने चड्ढा को कहा कि वे राज्यसभा के सभापति से बिना शर्त माफी मांग कर मामले को खत्म करें। साथ ही सभापति को भी अदालत ने कहा कि अगर चड्ढा बिना शर्त माफी मांगते हैं तो वे सहानुभूतिपूर्वक इस पर विचार करें।

इन दो-तीन मामलों के बाद अब जो मामले सर्वोच्च अदालत के सामने लम्बित हैं और एक के बाद जिस तरह के मामले अदालत के सामने पहुंच रहे हैं उसे देखते हुए लग रहा है कि आने वाले दिनों में टकराव का नया दौर शुरू हो सकता है। इन मामलों में चुनावी बॉन्ड का मामला है, जिस पर सुनवाई पूरी करके अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में भी सुनवाई के दौरान अदालत की टिप्पणी बहुत सख्त थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मानने में बहुत मुश्किल है कि नागरिकों को चंदे का स्रोत जानने का हक नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में चुनिंदा गोपनीयता है यानी सत्तापक्ष को स्रोत का पता है, जबकि विपक्ष को नहीं पता है। इस मामले में अदालत का फैसला बहुत अहम होगा। इसी तरह प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के अधिकारों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई भी अहम होगी। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अपने ही फैसले के कुछ पहलुओं की समीक्षा करने वाली है।

इसके अलावा विपक्ष के नेता जिस रफ्तार से सुप्रीम कोर्ट की दौड़ लगा रहे हैं उससे भी टकराव की संभावना पैदा हो रही है। हाल के दिनों में तीन राज्य सरकारों ने अदालत का रुख किया है। पंजाब सरकार इस बात को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची है कि राज्यपाल ने विधानसभा सत्र में पेश करने के लिए भेजे गए विधेयकों को मंजूरी नहीं दी। हालांकि पंजाब सरकार के अदालत में जाने और उस पर सुनवाई से पहले राज्यपाल ने दो धन विधेयकों को मंजूरी दे दी। इसी तरह तमिलनाडु और केरल की सरकारें सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं। उनका कहना है कि राज्यपालों ने विधानसभा से पास किए गए विधेयकों को लटका कर रखा है, उस पर मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट,
दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair

DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति
मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से कर पाएंगे मतदान

**कोरबा।** ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनकी ड्यूटी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों में लगाई गई है, ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रशिक्षण स्थल पर की गई है। 08 एवं 10 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, साडा कन्या कोरबा, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कटघोरा, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा के प्रशिक्षण स्थल में अधिकारी-कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग ने बताया कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण स्थल कोरबा और पाली-तानाखार क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी कटघोरा क्षेत्र के प्रशिक्षण स्थल में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

### कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया मतदाता जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा के निर्देशानुसार एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के समन्वय से विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय कोरबा के विद्यार्थियों द्वारा नगर के वार्ड नंबर 31 शांति विहार खरमोरा में मतदाता जागरूकता रैली एवं स्वीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु आकर्षक नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया गया। उनके द्वारा सभी मतदाताओं से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं प्रलोभन से दूर रहते हुए अनिवार्य मतदान हेतु अपील किया गया।

### व्यय प्रेक्षक ने मतदान केन्द्र धुसेरा एवं दिग्विजय कालेज तथा कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** विधानसभा डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव के व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे ने आज डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 165 धुसेरा एवं राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के संगवारी मतदान केन्द्र 120 राजनांदगांव शासकीय दिग्विजय कालेज पहुंचकर मतदान कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान दलों से मतदान प्रगति के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने पहली बार मतदान देने पहुंची कुसुमलता साहू एवं उनकी माँ मती प्रमिला साहू से बातचीत की। व्यय प्रेक्षक से कुसुमलता साहू ने कहा कि पहली बार मतदान देकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। हम सभी को देश एवं राज्य की प्रगति के लिए मतदान जरूर करना चाहिए। व्यय प्रेक्षक ने सभी मतदाताओं से मतदान केन्द्र पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। 120 राजनांदगांव शासकीय दिग्विजय कालेज राजनांदगांव में मतदान कार्य का अवलोकन किया।

## प्रियंका गांधी ने केन्द्र पर हमला, कहा-

# बघेल सरकार देती है धान खरीदी का पैसा आडानी-अंबानी चला रहे मोदी सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले की कुरूद विधानसभा में मंगलवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने आमसभा ली। प्रचार के लिए पहुंची प्रियंका गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने आमसभा को संबोधित कर जिले की तीनों विधानसभा कुरूद, सिहावा और धमतरी के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान का पैसा भूपेश सरकार देती है। केन्द्र की मोदी सरकार को अड़ानी व अंबानी चला रहे हैं।




आमसभा में प्रियंका गांधी ने सर्वप्रथम कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में बताया आगे उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है प्रदेश में किसानों से जितने मूल्यों में धान खरीदी की जा रही है उतना अन्य किसी प्रदेश में नही मिल रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तरप्रदेश में जहां भाजपा की सरकार है वहां आज भी 1200-1400 रुपये में धान खरीदा जा रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस किसी धर्म जाती के आधार पर चुनाव नहीं लड़ती है, कांग्रेस की विचारधारा सबको साथ लेकर चलने की है, धर्म को लेकर दंगा फसाद होने से किसी भी नेता को नुकसान नहीं होता है नुकसान होता है तो बस आम लोगों को, किसानों को, नेता को कुछ नहीं होता।

प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज विकास, उन्नति, सबसे ज्यादा दर में धान खरीदी के नाम से जाना जाता। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर सबसे काम है। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र सरकार को अदाणी और अंबानी चला रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि अदाणी और अंबानी कुछ बनाते नहीं ये दोनों सिर्फ देश की संपत्ति को लूटने का काम कर रहे हैं। देश का विकास छोड़कर पीएम मोदी लाखों करोडों रूपये सिर्फ फालतू कामों पर खर्च कर रहे है। वहीं प्रियंका ने दावा किया की छत्तीसगढ में खेती करने वालों की संख्या बढ़ रही है,जबकि देश के दूसरे राज्यों में किसान खेती नहीं करना चाहते हैं।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र में शहरी और ग्रामीण दोनों वर्ग का ध्यान-कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कांग्रेस के घोषणा पत्र में शहरी और ग्रामीण दोनो का ध्यान रखा गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र में 200 यूनिट तक फ्री बिजली का लाभ प्रदेश के लगभग 50 लाख परिवारों को मिलेगा। अभी तक गरीबी रेखा के नीचे के लोगो को 5 लाख तक मुफ्त ईलाज मिलता था तथा अन्य वर्ग के 50 हजार तक ईलाज की सुविधा थी।



कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीबी रेखा के नीचे वालो को 10 लाख तक तथा अन्य सभी वर्ग के लोगो को 5 लाख तक ईलाज की मुफ्त सुविधा दी जायेगी। बड़ी बीमारियों में कांग्रेस की सरकार बनने पर 25 लाख तक ईलाज बिना किसी भेदभाव के सभी को मिलेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ में सभी प्रकार की शिक्षा नर्सरी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक सभी वर्ग के लिये नि:शुल्क करने का वादा किया है। इससे प्रदेश के हर वर्ग के लोगो का शिक्षा पर होने वाला खर्च बचेगा। छत्तीसगढ़ देश का अकेला ऐसा प्रदेश होगा जहां मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा आईटीआई की शिक्षा भी मुफ्त होगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद गरीबी रेखा की उज्जवला की बहनों को कांग्रेस सरकार बनने पर मात्र 107 रू. में सिलेंडर मिलेगा तथा सभी वर्ग के लोगों को पूरे देश में सबसे सस्ता 474 रू. के लगभग रसोई गैस छत्तीसगढ़ में मिलेगी। भाजपा ने गरीबी रेखा के नीचे वालो को 500 रू. में सिलेंडर का दावा कर रही कांग्रेस ने सभी वर्ग के लोगों को 500 रू. की राहत देने का वायदा किया है। कांग्रेस किसानों की कर्जा माफी के साथ 3200 रू. में धान खरीदी करेगी। इससे गांव के रास्ते शहरों में समृद्धि आयेगी।

## प्रथम चरण के मतदान से स्पष्ट फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी- दीपक

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कांग्रेस ने कहा कि प्रथम चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है कि राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रथम चरण में भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा। बस्तर की 12 सीटें एक बार फिर से कांग्रेस जीत रही है।

इस बार रमन सिंह भी राजनांदगांव से चुनाव हार रहे है। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार की पिछले पांच साल के कामों के आधार पर मतदान किया है।

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र के अधिकांश वायदो को निभाया है, जनता का भरोसा 5 सालों में कांग्रेस के प्रति और बढ़ा है। यही कारण है कि जनता ने एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस ने उत्साहपूर्वक मतदान करने के लिये मतदाताओं का आभार जताया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार अपनी सरकार की योजनाओं और कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार बना कर किया है। भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भी मतदाताओं ने भरोसा जताया। इसके विपरीत लोग भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा करने को तैयार नहीं है इसीलिये प्रथम चरण में जनता ने भाजपा को नकारा है। दूसरे चरण के मतदाता भी कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने वाले है। अबकी बार फिर से दो तिहाई बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# होम मतदान की सुविधा ने किया बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी के सपने को साकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग के होम मतदान की नई सुविधा के फलस्वरूप बालोद जिले के 80 वर्ष से अधिक के आयु के बुजुर्गों तथा चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों के अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी का सपना साकार हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के तहत बालोद जिले के 80 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्गों, चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों ने होम वोटिंग की सुविधा के अंतर्गत अपने घरों में मतदान किया। मतदान दल के अधिकारियों को देखकर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के साथ-साथ उनके परिजन भी बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। इस दौरान गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेरपार की बुजुर्ग महिला श्रीमती मैति बाई पटेल, ग्राम पेण्डरवानी की बुजुर्ग महिला फेंकन बाई देवांगन, ग्राम अरकार के दिव्यांग युवक तरूण साहू एवं कोसागोंदी के नारायण साहू ने प्रसन्नचित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की नई व्यवस्था के तहत उनके घरों में ही मतदान की सुविधा मिलने से उनके चेहरे पर प्रसन्नता नजर आ रहा था। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान नही की जाती तो इस समय उनके लिए अपने शारीरिक अस्वस्था के चलते मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान करना बिलकुल भी असंभव था। सभी लोगों ने उन्हें और उनके जैसे अनेक बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को उनके घरों पर ही मतदान की सुविधा प्रदान करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के इस होम वोटिंग की नई व्यवस्था की भूरी-भूरी की सराहना की।




होम वोटिंग की नई व्यवस्था के तहत आज अपने घर में मतदान की सुविधा मिलने से गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेरपार की 82 वर्ष की बुजुर्ग महिला श्रीमती मैति बाई पटेल बहुत ही प्रफुल्लित नजर आ रही थी। उन्होंने कहा कि उनके वृद्धावस्था एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण उनके लिए मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान करना बिलकुल भी संभव नही था। लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण आज उसे अपने घर में ही मतदान करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु अपने मताधिकार का प्रयोग करने से अब उसे मताधिकार का प्रयोग नही कर पाने की कमी कभी नही खलेगी। भारत निर्वाचन आयोग की नई व्यवस्था के तहत आज अपने दादी को घर में ही मताधिकार की मिल रहे सुविधा की सराहना श्रीमती मैति बाई की पोती कुमारी ललिता पटेल ने भी की है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के फलस्वरूप उनके दादी के अलावा अब कोई भी दादा-दादी अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित नही होगा।

# स्काउट गाइड ने किया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में स्काउट गाइड के सदस्य स्कूली बच्चों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से बच्चों ने लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया।




साथ ही शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता रैली जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव के मुख्य आतिथ्य एवं जिला आयुक्त गाइड श्रीमती रेखा शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसके तहत जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, जिला सचिव रोमन लाल साहू, जिला संगठन आयुक्त स्काउट आशीष कुमार साहू एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती सीमा साहू के नेतृत्व में जिला स्तर पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के उपरांत स्काउट गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम सेजस प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र ठाकुर प्रभारी प्राचार्य बलदाऊ ध्रुव मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू टेक्निकल प्रभारी चौतन्य यदु जिला भोजन प्रभारी प्रेमलाल साहू विकास खंड सचिव लूकेश्वर प्रधान सरस्वती शिशु मंदिर के स्काउट प्रभारी श्री गोविंद किशोर सिन्हा कन्या शाला प्रभारी गाइड प्रभारी वर्षा पटेल प्रभारी किरण कुमार सारथी एवं अन्य विद्यालय स्काउट गाइड के साथ आए प्रभारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### प्रदेश के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश होने के आसार

**रायपुर ( ए )।** प्रदेश में लगातार ही मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आने वाले 48 घंटों में तापमान में गिरावट होगी। वहीं प्रदेश के बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर जिले में हल्की से मध्यम बारिश होने की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि राजधानी में मौसम साफ रहेगा वहीं यहां पर अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहने की संभावना है।

प्रदेश में लगातार आ रही उत्तरी हवाओं के कारण सर्द हवाएं चल रही हैं। वहीं विभिन्न जिलों में तापमान में भी लगातार ही गिरावट हो रही है। प्रदेश में सुबह और शाम को धुंध भी छा रही है। साथ ही बीते सोमवार को ही प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा भी दर्ज की गई। इस दौरान नारायणपुर जिले में 3 सेंटीमीटर बारिश हुई है।

### चौकीदार को ईंट मारकर किया घायल

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार स्थित एक निर्माणाधीन मकान में चोरी की नीयत से घूस रहे युवकों ने चौकीदार से ही मारपीट कर दी व ईंट मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी नेहरू यादव पिता चंद्रमणी यादव ने बताया कि आरोपी जितेन्द्र देवार व उसके साथी चोरी करने की नीयत से मयंक तिवारी के निर्माणाधीन मकान में जबरदस्ती घूस रहे थे। प्रार्थी वहां चौकीदारी का काम करता है। प्रार्थी ने उन्हें मना किया तो आरोपी तैश में आ गए और मारपीट करते हुए पास पड़े ईंट से सिर पर मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### पीएम नरेन्द्र मोदी 13 को रायपुर में करेंगे रोड शो

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सत्ता वापसी के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं का छत्तीसगढ़ दौरा लगातार जारी है। इसी क्रम में आगामी 13 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा क पक्ष में माहौल बनाने महासमुंद और मुंगेली जिला का दौरा करने वाले हैं।

भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ के दौरें पर रहेंगे। प्रदेश के महासमुंद और मुंगेली जिला में आम सभा को संबोधित करेंगे। राजधानी रायपुर की चार विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो करेंगे। बीजेपी का छत्तीसगढ़ में एक बड़ा जनाधार आज भी है। इस जनाधार को और बढ़ाने तथा भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करने भाजपा के बड़े नेता लगातार प्रदेश का दौरा कर रहे हैं।

### दिवाली पर धड़ल्ले से बिक रही हैं नकली मिठाई, नकली और मिलावटी मिठाई की करें पहचान

**रायपुर ( ए )।** दिवाली पर नकली मिठाईयों का कारोबार खूब फलता फूलता है। बाजार में मिलने वाली ज्यादातर चीजों में मिलावट पाई जाती है। खासतौर से मावा और मिठाईयों में जमकर मिलावट की जाती है। रंग बिरंगी मिठाईयां या फिर लोकल दुकानों पर मिलने वाली मिठाई मिलावटी हो सकती हैं। ऐसी मिठाईयों को खाने से आप और आपका परिवार बीमार पड़ सकता है। इसी मिलावट से बचने के लिए कुछ लोग मिठाईयों की जगह चॉकलेट्स, ड्राई फ्रूट या फिर नमकीन और कुकीज गिफ्ट करने लगे हैं। अगर पूजा के लिए आपको मिठाई खरीदनी है तो इन बातों को ध्यान में रखते हुए पहले मिठाई चेक कर लें। इस तरह मिठाई और मावा में मिलावट का पता लगाया जा सकता है।

दरअसल मिठाई बनाते वक्त में दूध, मावा, चांदी के वर्क, चीनी या तेल और घी में मिलावट की जाती है। कुछ लोग चांदी के वर्क में एल्युमीनियम मिक्स कर देते हैं। दूध में यूरिया, कलर और वांशिग पाउडर मिला दिया जाता है। घी में चर्बी मिला देते हैं और मावा में अरारोट और मैदा मिक्स कर दिया जाता है।

मिठाई के रंग से पहचान- बाजार में रंग-बिरंगी मिठाईयां खूब बिकती हैं। इन मिठाईयों में हानिकारक कलर मिक्स किए जाते हैं। वैसे तो आपको रंग वाली मिठाईयां खरीदने से बचना चाहिए।

# राजधानी में पोर्टेबिलिटी बनी मुसीबत, सरकारी दुकानों में एक माह का राशन दो दिन में ही खत्म

**रायपुर (ए)।** वन नेशन वन कार्ड की सुविधा राशन दुकान संचालकों सहित हितग्राहियों के लिए भी परेशानी का सबब बनती दिखाई दे रही है। पोर्टेबिलिटी सुविधा के तहत कोई भी कार्डधारक किसी भी दुकान से राशन ले सकता है। शासन के निर्देश पर दुकान संचालक भी हितग्राहियों को राशन का वितरण कर रहे हैं। लेकिन इसकी वजह से कुछ दुकान संचालकों को दिया गया एक माह का राशन मात्र दो दिनों में ही खत्म हो जा रहा है।

इतना ही नहीं, दूसरे कार्डधारकों को राशन देने के बाद अतिरिक्त आवंटन की मांग करने पर भी दुकान संचालकों को राशन नहीं दिया जा रहा है। साथ ही 75 प्रतिशत वितरण के बाद ही राशन का आवंटन देने की बात कही जा रही है, लेकिन सारा सिस्टम आनलाइन होने के बावजूद और राशन खत्म होने के बाद भी माड्यूल में राशन शेष दिखा रहा है, जिसे महीने की 10 तारीख के बाद अपडेट करने की बात कही जा रही है। इसकी वजह से हितग्राही राशन दुकान तो जा रहे हैं, लेकिन वहां राशन नहीं होने की वजह से वितरण नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से हितग्राहियों को राशन के लिए दो से तीन बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

वन नेशन वन कार्ड के तहत केंद्र सरकार की ओर से हितग्राहियों को किसी भी जिले या राज्य में जाकर राशन लेने की सुविधा दी गई है। इसके तहत किसी भी वार्ड या क्षेत्र का हितग्राही किसी भी सरकारी राशन



दुकान में जाकर राशन ले सकता है। इसे पोर्टेबिलिटी कहा जाता है।

### प्रदेशभर में सर्वाधिक पोर्टेबिलिटी रायपुर में

खाद्य विभाग के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेशभर में सर्वाधिक पोर्टेबिलिटी रायपुर जिले में ही हुई है। आंकड़ों के हिसाब से रायपुर में 58,035 कार्डधारकों द्वारा 98312 ट्रांजेक्शन किए गए हैं। वहीं, सबसे कम पोर्टेबिलिटी के आंकड़े सरगुजा जिले के हैं। यहां 179 कार्डधारकों द्वारा 303 ट्रांजेक्शन किए गए हैं।

### 75 प्रतिशत वितरण पर ही आवंटन

राशन दुकानों के लिए नान (नागरिक आपूर्ति निगम) द्वारा बनाए गए नियमानुसार दुकान संचालक द्वारा 75 प्रतिशत राशन का वितरण करने के बाद ही अतिरिक्त नया आवंटन जारी किया जाएगा। लेकिन दुकानों में स्टाक खत्म होने के बाद माड्यूल तुरंत अपडेट नहीं होने की वजह से नए स्टाक के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

### अतिरिक्त आवंटन की मांग

रायपुर के खाद्य नियंत्रक केसी थारवानी ने बताया कि इस तरह की दिक्कतें सामने आ रही हैं। इसके लिए पत्राचार किया गया है और 75 की जगह 50 प्रतिशत वितरण के बाद अतिरिक्त आवंटन जारी करने की मांग की गई है। लेकिन राशन से कोई वंचित नहीं हो रहा है।

**इसलिए आ रही है दिक्कतें:-** रायपुर शहर में नई राशन दुकानें खुलने के बाद कार्डों को भी नई दुकानों में ट्रांसफर किया गया है। लेकिन हितग्राही जिस दुकान में कार्ड अटैच है, वहां से राशन लेने के बजाय पुरानी दुकान से ही राशन ले रहा है। इसकी वजह से एक दुकान का स्टाक घट जा रहा है, जबकि दूसरी दुकान का स्टाक खत्म नहीं हो रहा है।

# जहां एक्सक्यूज आ गया, वहां विनाश का रास्ता खुल गया: प्रवीण ऋषि



**रायपुर ( ए )।** व्यक्ति जिंदगी में क्यों सफल नहीं होता है? जैसा उसका इरादा, उसकी सोच होती है, वैसा क्यों नहीं होता है? इसका एक बहुत छोटा सा कारण है एक्सक्यूज या बहाना। जिस व्यक्ति के पास बहाना होता है वह जीवन में केवल दु:खों को ही जन्म देता है। अनुत्तरदेशन में प्रभु महावीर बहाना बनाने वाले के लिए एक्सट्रीम शब्द का उपयोग करते हैं। दो प्रकार के गधे होते हैं, एक धोबी का, कुम्हार का और एक गली का। वैसे देखा जाए तो गधा गधा ही है, किसी को मालिक की सुरक्षा मिलती है। लेकिन गली का गधा, उसके पास कोई सुरक्षा नहीं होती है। प्रभु महावीर कहते हैं कि बहाने देने वाले गली के गधे हैं। उपाध्याय प्रवर ने कहा कि कुछ बहाने अहंकार से पैदा होते हैं, कुछ क्रोध से, कुछ कपट से, कुछ लोभ से पैदा होते हैं। कुछ हमारे अनादर से पैदा होते हैं। और ऐसे बहाने देने वाले लोग जब किसी समर्थ आचार्य से मिलते हैं, तो उनकी क्या स्थिति होती है? आप सोच भी नहीं सकते। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी।

उत्तराध्ययन श्रुतदेव आराधना के 15वें दिवस, मंगलवार को लाभार्थी परिवार गौतमचंद उत्तमचंद अशलेश चंद्रप्रकाश गोलछा परिवार, मानकचंद राजेशचंद रजत सुराना परिवार, कुसुम धनराज बेगानी परिवार एवं कांतादेवी-निर्मलचंद वंदिता-नितिन कोठारी परिवार ने लालगंगा पटवा भवन पधारने वाले श्रावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय प्रवर ने कहा कि हम देख सकते हैं स्वयं के जीवन को, कि कब कब हम फेल हुए। हम फेल इसलिए नहीं हुए कि सफलता हमारे भाग्य में नहीं थी। हम सफल इसलिए नहीं हुए कि हम कर नहीं सकते थे। हम फेल इसलिए नहीं हुए कि समय अनुकूल नहीं था। हम फेल इसलिए हुए कि हमने बहाने तैयार रखे। और ये बहाने न केवल स्वयं को बल्कि संघ, समाज और परिवार को भी बर्बाद करते हैं। जहां एक्सक्यूज आ गया, वहां विनाश का रास्ता खुल गया। बहाना नहीं बनाएंगे तो शत प्रतिशत सफलता प्राप्त होगी। उत्तराध्ययन सूत्र का एक ऐसा अध्याय जिसे यदि हम अपने जीवन में साकार कर लें तो अपने गुरु को परेशान करने का दुर्भाग्य और पाप हमसे नहीं होगा। जिंदगी में सबसे बड़ा पाप अपने उपकारी को, श्रद्धेय को, अपने माता-पिता को परेशान करना है। परमात्मा कहते हैं कि किसी बहानेबाज के साथ रहने से अच्छा है कि जीवन में अकेले चलना। उनके साथ रहने का मतलब आप ने उनके बहानों को स्वीकार कर संरक्षण दे दिया है। बहनेबाजों के साथ रहने का पाप कभी नहीं करना चाहिए। अपने जीवन में अपने जहां जहां बहाना दिया है, उसे स्वीकार करें और प्रभु महावीर के चरणों में प्रणाम करते हुए एक संकल्प लें कि मैं अपनी आत्म-प्रतिबद्धता में कोई बहाना नहीं दूँगा। कारण हो सकता है, लेकिन बहाना नहीं।

उत्तराध्ययन सूत्र के सत्तावीसइमं अज्झयणं खलुंकिज्जं का मूल समझाते हुए उपाध्याय प्रवर ने कहा कि अगर बैलगाड़ी के बैल चालक को सहयोग करें तो गाड़ी आराम से निकल जाती है। प्रभु फरमाते हैं कि जैसे संसार के जंगल को पार करने के लिए इस धर्मरथ को जोड़े हुए हैं शिष्य, अनुयायी और गाड़ी को चलाने वाला है गुरु। यदि बैल कपट कर के नीचे गिर जाए, गुस्से में उछलने लग जाए, गलत रास्ते पर चलने लग जाए, तो रास्ता भी पार नहीं होगा और गाड़ी भी टूट जायेगी। इसी तरह अगर धर्मरथ से जुड़े शिष्य और अनुयायी बहाने करने लगेंगे तो यह धर्मरथ ही टूट जाएगा।

# निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के मतदान का आंकड़ा किया जारी, 76.47 फीसदी हुआ मतदान

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के 20 सीटों पर मंगलवार को हुए प्रथम चरण के मतदान के बाद निर्वाचन आयोग ने मतदान के (अनंतिम) आंकड़े जारी कर दिए हैं। प्रथम चरण में कुल 76.47 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 84.65 प्रतिशत और बीजापुर में सबसे कम 46 प्रतिशत मतदान हुआ है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रथम चरण के मतदान की जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी समस्या की वजह से 62 कंट्रोल यूनिट और 123 वीवीपेट बदले गए। केशकाल दुर्घटना की जानकारी देते हुए



बताया कि बैलेट बॉक्स जमा कर घर लौटते वक्त मतदान कर्मी हादसे का शिकार हुए। वहीं चुनाव के दौरान कुल 3 स्थानों पर नक्सल वारदात हुई। नक्सली घटना में प्रभावित जवानों का रायपुर के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मोहला-मानपुर में 78, अंतागढ़ में 79, भानुप्रतापपुर में 80, कांकेर में 81, केशकाल में 82, कोंडागांव में 83, नारायणपुर में 84, दंतेवाड़ा में 88, बीजापुर में 89 और कोंटा में 90 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। वहीं सुबह 8 से शाम 5 बजे तक हुए मतदान में पंडरिया में 71, कवर्धा में 72, खैरागढ़ में 73, डोंगरगढ़ में 74, राजनांदगांव में 75, डोंगरगांव में 76, खुज्जी में 77, बस्तर में 85, जगदलपुर में 86 और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में 87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि 2431 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की सुविधा रही थी। इसके साथ बस्तर के 12 विधानसभा क्षेत्रों में 126 नए मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। इससे पहले अतिसंवेदनशील इलाका रहने के कारण स्थापित नहीं किए जा सके थे।



### पूर्व सीएम रमन सिंह ने किया जीत का दावा, बोले- 'भाजपा पूरी बहुमत से सरकार बनाएगी'

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ में मतदान शुरू हो चुका है। इसके साथ ही नेताओं के दावे और बयान समाने आने लगे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का बयान सामने आया है। बीजेपी नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह ने दावा किया है। प्रदेश में जबरजस्त अंडर करंट है। भारतीय जनता पार्टी पहले चरण की 20 सीटों में से कम से कम 14 सीटें जीत रही है। पहला चरण भी अच्छा रहेगा और दूसरा चरण भी अच्छा रहेगा और बीजेपी प्रदेश में पूरी बहुमत से सरकार बनाएगी। उल्लेशनीय है कि इस बार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कारीगुंडम इलाके में भी 23 साल बाद मतदान हो रहा है। कारिगुंडम दंतेवाड़ा (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। मतदान प्रक्रिया सीआरपीएफ 150 बटालियन और जिला बल के सुरक्षा घेरे में हो रही है।

पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर बोले-

# मतदाताओं ने दिया भरपूर आशीर्वाद भारी बहुमत से जीतेगी कांग्रेस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम चरण 20 सीटों में मतदान सम्पूर्ण हो गया है। चुनाव के बाद कवर्धा के कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने कहा है कि चुनाव में मतदाताओं ने कोंग्रेस को भरपूर आशीर्वाद दिया है। साथ ही कहा कि कवर्धा से एकतरफा जीत का दावा किया है।

कांग्रेस चुनाव घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार ने सभी वर्गों के हित में कार्य किया है। कांग्रेस ने अपने वायदे को निभाया तथा 2018 के घोषणापत्र के बिंदुओं को पूरा किया। सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व में सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया है। सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए लोगों की जेब तक पैसा पहुंचाया। कवर्धा में विकास के इतने बड़े-बड़े कार्य हुए हैं कि इसको बताने में ही एक घंटा लग जायेगा।



### करेंगे सभी वर्गों के हित में कार्य, लोगों की जेब में पहुंचेगा पैसा

कांग्रेस चुनाव घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर ने कहा कि पिछली बार की तरह ही कांग्रेस ने इस बार भी बहुत अच्छा घोषणापत्र लाया है। किसानों का कर्जा फिर माफ किया जाएगा, 32 सौ रुपये क्विंटल में प्रति क्विटल धान खरीदा जाएगा। महिला स्व सहायता समूह का कर्जा माफकिया जाएगा। रसोई गैस सिलेंडर पर प्रति बार 5 सौ रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। 2 सौ यूनिट तक की बिजली फ्री रहेगी। केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई निशुल्क रहेगी। दुर्घटनाग्रस्त होने की स्थिति में सरकार पूरा इलाज निशुल्क कराएगी। गरीब परिवार को 10 लाख तथा एपीएल परिवार को 5 लाख रुपए तक की मेडिकल बीमा की सुविधा मिलेगी।

### छत्तीसगढ के विकास के लिए कांग्रेस कटिबद्ध

प्रदेश मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान के हवाले से बताया कि प्रदेश में अभी जो योजनाएं चल रही है, वे योजनाएं आगे भी चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कटिबद्ध है।

मोहम्मद अकबर ने कवर्धा में भारी बहुमत से जीत का दावा करते हुए प्रदेश में अबकी बार 75 पार का कांग्रेस का नारा सही साबित होने का दावा किया। प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अकबर के अनुसार 2018 में विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के चुनाव में कांग्रेस ने 18 में से 17 सीट जीती थी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# अगर रोजाना दो कीवी डाइट में कर लेंगे शामिल शरीर बनेगा मजबूत दूर रहेंगी बीमारियां



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए और बीमारियों से दूर रहने के लिए हेल्थ एक्सपर्ट नियमित रूप से फलों के सेवन की सलाह देते हैं। इन्हीं में से एक फल है कीवी जो पोषण से भरपूर कहा जाता है। कीवी बेहद कम कैलोरी वाला ऐसा फल है जिसमें ढेर सारा फाइबर और अन्य पोषक तत्व छिपे हैं जो सेहत को बहुत फायदा करते हैं। कीवी ना केवल इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है बल्कि ये स्किन को भी ढेर सारा पोषण देकर स्वस्थ और सुंदर बनाता है। रोज दो कीवी फल खाने से आपको ढेर सारे फायदे मिल सकते हैं। यहां जानिए कीवी के फायदे।

### रोजाना कीवी खाने से सेहत को मिलेंगे ये फायदे

■कीवी बेहद पौष्टिक फ्रूट है। इसमें विटामिन ए, बी, सी,के और विटामिन बी 6 पाया जाता है। इतना ही नही इसमें ढेर सारा फाइबर, जिंक, फास्फोरस और मैग्नीशियम भी पाया जाता है जो शरीर को मजबूत बनाने के लिए बेहद जरूरी कहे जाते हैं। कीवी में पाए जाने वाले एंटी ऑक्सिडेंट शरीर में फ्री रेडिकल्स को बढ़ने से रोकते हैं जिससे कई बीमारियां दूर रहती हैं।

■बदलते मौसम में जब बीमारी के चलते शरीर में प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं तो कीवी फल का सेवन बहुत कारगर साबित होता है। रोज कीवी के सेवन से शरीर में प्लेटलेट्स बढ़ जाते हैं।

■जिन लोगों को नींद नहीं आती, उनके लिए कीवी बहुत ही शानदार फल है। इसमें पाया जाने वाला सेरोटोनिन अच्छी नींद लाने में मदद करता है और इसके सेवन से दिमाग भी शांत और रिलेक्स महसूस करता है।

■जिन लोगों का ब्लड प्रेशर ज्यादा रहता है, उनको नियमित तौर पर कीवी का सेवन करना चाहिए। कीवी में ढेर सारा पोटेशियम पाया जाता है और इसके सेवन से बीपी कंट्रोल में रहता है और उच्च रक्तचाप के चलते होने वाली बीमारियां जैसे स्ट्रोक और हार्ट अटैक को भी दूर रखने में मदद मिलती है। कीवी में पाए जाने वाले पोटेशियम की मदद से शरीर में किडनी, दिल, कोशिकाएं और मांसपेशियों को सही से काम करने की ताकत मिलती है।

■त्वचा को स्वस्थ और सुंदर बनाने में कीवी फल का बहुत हाथ है। इसके सेवन से त्वचा पर कील मुंहासे और एक्ने की समस्या से राहत मिलती है। इतना ही नहीं इसके सेवन से त्वचा को पोषण और चमक भी मिलती है। कीवी में ढेर सारा विटामिन ई पाया जाता है जो त्वचा को पोषण देने के लिए जाना जाता है।

■इसमें पाया जाने वाला यौगिक एक्टिनिडिन शरीर में प्रोटीन को तोड़कर पाचन को स्वस्थ करता है। इसमे ढेर सारा फाइबर भी पाया जाता है। इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है

# कॉफी विद करण 8 के आगामी एपिसोड में नजर आएंगी सारा और अनन्या, प्रोमो वीडियो जारी



करण जौहर इन दिनों अपने मशहूर चैट शो कॉफी विद करण 8 को लेकर सुर्खियों में हैं। अब तक शो के दो एपिसोड स्ट्रीम हो चुके हैं, जिसमें रणवीण सिंह- दीपिका पादुकोण और सनी देओल-बॉबी देओल ने अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई थी। अब प्रशंसक कॉफी विद करण 8 के तीसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे है। इसी बीच शो के आगामी एपिसोड के बारे करण ने खुलासा किया कि तीसरे एपिसोड में सारा अली खान और अनन्या पांडे नजर आएंगी।

कॉफी विद करण 8 का नया प्रोमो वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सारा और अनन्या अपनी आगामी फिल्मों से लेकर निजी जिंदगी तक, हर विषय पर चर्चा करती नजर आ रही हैं। इस दौरान सारा ने शुभमन गिल संग अपनी डेटिंग की अफवाहों पर भी प्रतिक्रिया दी। सारा ने कहा, सारा का सारा दुनिया गलत सारा के पीछे पड़ा है। बता दें, कॉफी विद करण 8 का यह नया एपिसोड गुरुवार (9 नवंबर) को डिज्नी+हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

# फाउंडेशन लगाने के बाद भी नहीं आता परफेक्ट ग्लो, तो कहीं ये गलती तो नहीं कर रही हैं आप



कहते हैं कि मेकअप करना भी एक कला है। आप मेकअप प्रोडक्ट खरीद तो लाते हैं लेकिन चेहरे पर उनका इस्तेमाल करने का तरीका नहीं जानते तो ये प्रोडक्ट आपके चेहरे तो सुंदर नहीं बना पाते। इसलिए जरूरी है कि मेकअप का तरीका आना चाहिए। इन्हीं में से एक है फाउंडेशन लगाने की कला चेहरे का रंग निखारने और कलर कॉम्प्लेक्शन को सही करने के लिए फाउंडेशन को यूज किया जाता है लेकिन अधिकतर लोग फाउंडेशन लगाना नहीं जानते।

### चेहरे पर फाउंडेशन लगाने का सही तरीका

**प्राइमर लगाने की जरूरत को समझें:-** पहले ये समझना चाहिए कि चेहरे पर मेकअप अप्लाई करने से पहले फाउंडेशन यानी प्राइमर को लगाना कितना जरूरी है। ये रंग को एकसार करता है और चेहरे के ओपन पोर्स को भर देता है। इससे चेहरा स्मूद नजर आता है और चेहरे पर मेकअप के लिए एक स्मूद बेस बन जाता है।

**कंसीलर के बाद लगाएं फाउंडेशन:-** कई लोग पहले फाउंडेशन लगा लेते हैं और इसक बाद आंख के नीचे और दूसरी जगहों पर कंसीलर का उपयोग करते हैं। ये गलत है। पहले फाउंडेशन लगाना चाहिए और उसके बाद कंसीलर अप्लाई करना चाहिए। इससे चेहरे पर दाग धब्बे नजर नहीं आएंगे और चेहरे का रंग भी एकसार नजर आएगा।

**कंसीलर को सेट होने के लिए समय दें:-** कंसीलर को चेहरे पर अप्लाई करने के बाद कुछ समय के लिए छोड़ देना चाहिए। आपको ये पता होना चाहिए कि कंसीलर को सेट होने में कुछ समय लगता है। इससे ये अच्छी तरह चेहरे पर ब्लैंड भी हो जाएगा।

**जॉलाइन और नोज टिप पर करें फोकस:-** जब आप फाउंडेशन यूज करें तो जॉलाइन और नोज टिप यानी नाक की टिप को खूबसूरत और उभरा बनाने के लिए वहां फोकस करना नहीं भूलना चाहिए। कंसीलर और फाउंडेशन को यहां अच्छी तरह शीयर होने तक ब्लैंड करेंगे तो ज्यादा खूबसूरत रिजल्ट मिलेगा।


# सौभाग्यवती भव की शूटिंग में बिजी, परिवार संग नहीं मना पाऊंगी दिवालीः अमनदीप सिद्धू



एक्ट्रेस अभिनेत्री अमनदीप सिद्धू, जो वर्तमान में शो सौभाग्यवती भव-नियम और शर्तें लागू में नजर आ रहीं हैं, ने साझा किया कि शो की शूटिंग में बिजी रहने के चलते वह इस बार अपने परिवार के साथ दिवाली नहीं मना पाएंगी। इस बारे में बताते हुए, अमनदीप ने कहा: हर साल, मैं अपने परिवार के साथ दिवाली मनाती हूं, लेकिन इस बार, सौभाग्यवती भव की शूटिंग में बिजी होने के चलते, मैं अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट नहीं कर पाऊंगी।

उन्होंने कहा, इस बार मुझे अपने परिवार, घर का बना खाना और सारी तैयारियों की याद आएगी, क्योंकि मैं हमेशा अपनी मां के साथ घर को सजाती थी। हालांकि, इस बार मैं पहली बार सौभाग्यवती भव परिवार के साथ दिवाली मनाऊंगी। आप सभी को मेरा मैसेज है कि पटाखे न जलाएं, खुशियां बांटें, मजे करें और आप सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। अमनदीप सौभाग्यवती भव में सिया का किरदार निभा रही हैं, जबकि धीरज धूपर राघव की मुख्य भूमिका में हैं। सौभाग्यवती भव स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

# सैम बहादुर ट्रेलरः सैम मानेकशॉ के किरदार में खूब जमे विक्की कौशल



विक्की कौशल एक बेहतरीन अभिनेता हैं और वह अपने उम्दा अभिनय का परिचय कई दफा दे चुके हैं। पिछली बार उन्हें फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली में देखा गया। यह फिल्म भले ही नहीं चली, लेकिन विक्की अपना जादू चलाने में कामयाब रहे।बहरहाल, अब अभिनेता अपनी अगली फिल्म सैम बहादुर को लेकर चर्चा में हैं, जिसका ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। इससे पहले फिल्म का टीजर और कुछ पोस्टर सामने आए थे, जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।

ट्रेलर में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ बने विक्की का अभिनय दमदार है, जिसने फिल्म को लेकर दर्शकों को उत्साह से भर दिया है।ट्रेलर देख लगता है कि भारतीय सेना की वर्दी में विक्की फिर पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। देशभक्ति से लबरेज इस फिल्म में उनकी डायलॉग डिलिवरी भी कमाल की है, वहीं इंदिरा गांधी बनीं फातिमा सना शेख और सैम की पत्नी के रूप में सान्या मल्होत्रा की झलक भी ट्रेलर में देखने को मिली है।

फिल्म की कहानी भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना को जीत दिलाई थी। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। विक्की के मुताबिक, यह कहानी उस शख्स की है, जिसने देश को अपनी जिंदगी दे दी। सैम का सफरनामा पर्दे पर उतारने के लिए विक्की ने खुद पर जबरदस्त बदलाव किया है। सैम बहादुर इस साल 1 दिसंबर को फिल्म एनिमल के साथ रिलीज होगी। सैम बहादुर से पहले विक्की कई फिल्मों में देशभक्ति का जज्बा भर चुके हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक में उन्होंने सेना की वर्दी पहनी थी। मेघना की फिल्म राजी में भी विक्की सेना के अफसर की भूमिका में थे।

मानकेशॉ भारतीय सैन्य अकादमी के लिए चुने जाने वाले 40 कैडेटों के पहले बैच के थे। 1971 की जंग में पाकिस्तान को हराने और नया मुल्क बांग्लादेश बनाने का पूरा श्रेय सिर्फ फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ को जाता है।



# नेहा मलिक ने सेक्सी आउटफिट पहन गिराई बिजली

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्ड लुक से इंटरनेट पर तबाही मचाती रहती हैं। उनका हर एक अंदाज सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने बेहद ही स्टाइलिश लुक शेयर किया है। इन तस्वीरों में उनकी सेक्सी अदाएं देखकर फैंस का दिल मचल गया है. नेहा मलिक भले ही किसी टीवी सीरियल्स में नहीं दिखाई देती लेकिन आए दिन अपने सेक्सी लुक्स से फैंस के होश उड़ा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। नेहा मलिक की ये तस्वीरें दुबई वेकेशन की हैं। बता दें कि एक्ट्रेस को घूमने-फिरने का काफी ज्यादा शौक है। इन तस्वीरों में उनके स्टनिंग अवतार ने एक बार फिर से सोशल मीडिया का पारा हाई कर दिया है। नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट लुक में फ्लोरल प्रिंट कलर का ऑफ शोल्डर गाउन पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में काफी गॉर्जियस और बोल्ड नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके स्टाइलिश अंदाज को देखकर दीवाने हो गए हैं। आखों में सनग्लासेस, ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लुक को और भी ज्यादा स्टाइलिश बनाया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं नेहा मलिक कैमरे के सामने किलर पोज देते हुए अपना फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# त्यौहार नजदीक आते ही बाजारों में बढ़ने लगी हैं रौनक

श्रीकंचनपथ न्यूज डेस्क

रायपुर। त्यौहारी सीजन शुरू होते ही शहर की सडक़ों पर जाम का नजारा दिखने लगा है। दीपावली त्यौहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे लोग घरों की सफाई सहित खरीदी में जुट गए हैं। जिससे व्यवसायी कयास लगा रहे हैं इस बार बेहतर व्यवसाय होगा।



उल्लेखनीय है कि दीपावली त्यौहार नजदीक आते ही लोग अपने घरों की साफ-सफाई से लेकर सजावट के सामानों की खरीददारी में जुट गए हैं। जिसके चलते सुबह से ही शहर की सडक़ों में भीड़ का नजारा देखने को मिल रहा है। इन दिनों रंग-पेंट की दुकानों में सुबह से ही भीड़ लगनी शुरू हो जा रही है। इस संबंध में रंग-पेंट व्यवसायियों का कहना है कि हर साल अलग-अलग कलर की डिमांड होती है, जिसको लेकर इस बार मांग के अनुरूप कलर मंगाया गया है। जिसके चलते अच्छी खासी बिक्री हो रही है। इसके साथ ही लोग घरों को रंग-बिरंगी झालरों से भी सजाना शुरू कर दिया है।

ऐसे में अब बाजार में बिक्री काफी बढ़ गई है। जिससे देखा जाए तो इन दिनों हर एक दुकानों में दिनभर भीड़ देखी जा रही है, जिससे लोग अपने हैसियत के अनुसार खरीदी कर रहे हैं। ऐसे में लोगों के उत्साह को देखते हुए व्यवसायी भी इस बार अच्छे व्यवसाय के उम्मीद लगा रहे हैं।

## क्या कहते हैं फुटपाथ व्यवसायी

शहर के चौक-चौराहों सहित सडक़ किनारे ठेले-खोमचे लगाकर व्यापार करने वालों की मानें तो विगत तीन-चार सालों की अपेक्षा इस बार दीपावली त्यौहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिख रहा है। जिसके चलते अभी से रंग-बिरगी कलर की बिक्री शुरू हो गई जो घरों के सामने शाम होते ही दिखाई देने लगा है। इसके साथ ही सजावट की भी सामानों की अच्छी बिक्री हो रही है।

## पूरे दिन दिख रहा जाम का नजारा

नवरात्र के बाद से ही त्यौहारी सीजन शुरू हो जाता है, ऐसे में अब दीपावली त्यौहार के लिए भी अब कुछ ही दिन शेष रहा गया है। जिसके चलते सुबह से ही शहर में जाम का नजारा दिखने लगा है, हालांकि जाम से राहत दिलाने के लिए चौक-चौराहों पर पुलिस जवानों की भी तैनाती की गई है, लेकिन इसके बाद भी कुछ खास राहत नहीं मिल रही है। ऐसे सबसे ज्यादा परेशानी शहर के सुभाष चौक, गद्दी चौक, हंडी चौक, पुराना शनिमंदिर रोड सहित स्टेशन रोड में सुबह से ही लोगों को जाम से गुजरना पड़ता है।

## भीड से बढ़ रही उम्मीद

इस संबंध में व्यवसायियों की मानें तो इस बार बाजार में अच्छी रौनक है, जिससे उम्मीद हैं कि अच्छी कमाई होगी। जिसके चलते अब सुबह से ही देर शाम तक दुकाने खुल रही है, जिससे लोग अच्छी-खासी खरीदी करते नजर आ रहे हैं।

# वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों की सहायता के लिए नियुक्त मतदाता मित्रों का ऑनलाइन प्रशिक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुन्द एस.आलोक के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन-2023 मे सुगम, सुघ्घर, समावेशी मतदान हेतु प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता मित्रों की नियुक्ति की गई है। मतदाता मित्रों का जिला स्तरीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम नव किरण अकादमी महासमुन्द में आयोजित की गई। प्रशिक्षण में विकासखण्ड महासमुन्द के सभी मतदाता मित्र नव किरण अकादमी महासमुन्द में तथा अन्य विकासखण्ड के मतदाता मित्र अपने विकासखण्ड में स्थित वीडियो कांफ्रेंस कक्ष जनपद पंचायत परिसर में उपस्थित रह कर भाग लिये।

मतदाता मित्रों को प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान केंद्र पर आने वाले वृद्धजन एवं दिव्यांगजन मतदाताओं को सुविधा देने की दृष्टि से मतदाता मित्र बनाया गया है। मतदाता मित्र मतदान केंद्र के बाहर प्रतीक्षा कक्ष में उपस्थित रहेंगे तथा मतदान केंद्र पर वृद्धजन के मांग करने पर व्हीलचेयर की मदद से उन्हें पोलिंग बूथ तक जाने में उसे सहायता प्रदान करेंगें। मतदान केंद्र में जितने भी दिव्यांगजन, वरिष्ठजन मतदाता है उन सभी को सहायता प्रदान कराना है। सभी मतदाता मित्रों को आदर्श आचार संहिता का पालन करना है।

प्रशिक्षण को एस. आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप समिति महासमुंद, डॉ. अनुसुईया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुन्द ने संबोधित किया। रेखराज शर्मा सहायक नोडल अधिकारी स्वीप समिति महासमुंद ने ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदाता मित्रों का परिचय उद्देश्य मतदाता मित्र के कार्य एवं दायित्व मतदान केन्द्र पर दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की।

## खास खबर

### विधानसभा वार मतदान कर्मियों के लिये सुविधा केन्द्र

**सूरजपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले से संबंधित पात्र मतदान कर्मियों का 08, 09 व 10 नवंबर को द्वितीय प्रशिक्षण स्थल में ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करना सुनिश्चित किया गया है।जिसके लिए मतदान कर्मी जिस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता है उसके अनुरूप सुविधा केन्द्र बनाया गया है। मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराए जाने के लिये विधानसभा क्षेत्र भटगांव(05) व प्रतापपुर(06) में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर(08,09 व 10 नवंबर तक), विधानसभा क्षेत्र प्रेम नगर (04) व प्रतापपुर(06) में शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर(08,09 व 10 नवंबर तक), विधानसभा क्षेत्र प्रेम नगर(04) व भटगांव(05) के लिये शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर( 08 व 09 नवंबर) सुविधा केंद्र जिला मुख्यालय में बनाया गया है।

### भिलाई महिला महाविद्यालय एवं हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत भिलाई महिला महाविद्यालय एवं हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। भाषण प्रतियोगिता का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें रखा गया था। आज का युवा राष्ट्र का भविष्य है। इसलिए, हमारे समाज के युवाओं को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ-साथ जीवन के सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार को 'नहीं' कहकर राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 39 छात्रों ने भाग लिया था और 150 से अधिक दर्शकों की भीड़ थी। दर्शकों में कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल थे। प्रतियोगिता के निर्णायक प्राचार्य (भिलाई महिला महाविद्यालय) डॉ संध्या मदन मोहन और महाप्रबंधक प्रभारी समिधा गुप्ता थे। प्रतियोगिता की शुरुआत से पहले, उप महाप्रबंधक श्रीमती दीप्ति राज ने उपस्थित सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। छात्रों ने इस प्रतिभागिता में बहुत उत्साह दिखाया और भाषण प्रतियोगिता में छात्रों की सामग्री और प्रस्तुति उच्च कोटि की थी। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार के विजेता क्रमश: इस प्रकार हैं सुश्री चेल्सी ताम्रकार (एम.एससी तृतीय सेमेस्टर, जूलॉजी), खुशी विश्वकर्मा (बी.एचएससी द्वितीय वर्ष), अनुष्का यादव (बी.एससी तृतीय वर्ष, सी.एस), ललिता पांडेय (एम.एससी प्रथम सेमेस्टर सी.एस)। साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह के रूप में उपहार वितरित किये गये।

# मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा दिनांक 06 नवम्बर 2023 को सिविक सेंटर स्थित पायोनियर मोनुमेंट में समस्त मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात सयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर सहित जिला प्रशासन से एसडीएम जागेश्वर कौशल व जोन कमिश्नर श्रीमती पूजा पिल्ले उपस्थित थीं।

कार्यक्रम में मतदान जागरूकता पर केंद्रित फिल्मी व गैरफिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था 'सूत्रधार' द्वारा निर्देषित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। सांगितिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के कार्मिकों ने दी। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन की ओर से 2 संगीत समूहों ने भी मतदान विषयक व अन्य गीतों को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का समन्वय सहायक प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) अभिजीत भौमिक तथा संयोजन महाप्रबंधक (औद्योगिक सम्बन्ध) जे एन ठाकुर ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (कार्मिक) श्रीमती शीजा मैथ्यु, महाप्रबंधक (जनसंपर्क), जेकब कुरियन, बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह सहित अनेक अधिकारीगण व कार्मिक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा आगामी चुनाव में मतदाताओं की अधिकाधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता जागरूकता विषयक कार्यक्रमों का निरन्तर आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 6 नवम्बर, 2023 को 4.30 बजे से इक्विपमेंट चैक से सेक्टर-1, बीएसएनएल चैक के बीच संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों तथा कार्मिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

# निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखना आपका कार्य-सामान्य प्रेक्षक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के सुचारू क्रियान्वयन हेतु आयोजित माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण में आज सामान्य प्रेक्षक आईएएस सी.एन.लोंगफई तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल रायगढ़ पहुंचे।

प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक आईएएस सी.एन लोंगफई ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराना माइक्रोऑब्जर्वर की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि माइक्रोऑब्जर्वर का कार्य प्रेक्षक के प्रतिनिधि के तौर पर मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर सभी प्रक्रियाओं को देखना हैं। मतदान केन्द्र में किसी प्रकार की प्रतिकूल परिस्थितियां संज्ञान में आने पर उन्हें अवगत कराएं एवं निर्वाचन के सभी गतिविधियों की टाइमिंग निर्धारित प्रपत्र पर भरते रहेंगे।

कलेक्टर गोयल ने निर्वाचन हेतु नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती हैं, क्योंकि आपको निर्वाचन की संपूर्ण गतिविधियों को ऑब्जर्व करना है। इसके साथ ही मतदान प्रक्रिया से पूर्व मॉक पोल, सीआरसी करना आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखें। इसके साथ ही माइक्रोऑब्जर्वर को मॉकपोल अपने सामने संपन्न कराना है।

मतदान कब शुरू हुआ और अंतिम मतदाता ने किस समय अपना वोट डाला, एक निश्चित समयावधि एवं सायं 5 बजे मतदान केंद्र पर कितने लोग लाइन में लगे हुए थे, वोटिंग कंपार्टमेंट किस तरह से बनाया गया था, जिससे वोट की गोपनीयता बनी रही।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय ने मतदान दिवस की सारी प्रक्रियाओं की बारीकी से जानकारी देते हुए मतदान केन्द्र में बरती जाने वाली सावधानियों से माइक्रो ऑब्जर्वर को अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के संबंधित प्रश्न पूछते हुए, निर्वाचन प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि माइक्रोऑब्जर्वर रिपोर्ट के किसी भी कॉलम को खाली नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान उन्होंने होम वोटिंग प्रक्रिया में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल, मास्टर ट्रेनर डॉ.नरेन्द्र पर्वत उपस्थित रहे।

# संरक्षा के सजग प्रहरी को महाप्रबंधक ने सम्मानित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। संरक्षित रेल परिचालन एवं यात्रियों की सुविधा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रत्येक रेलकर्मी का लक्ष्य हमेशा से इन दोनों बिन्दुओं पर केन्द्रित रहा है । बेहतर कार्य निष्पादन करने वाले रेलकर्मी का सम्मान, रेलकर्मियों के मन में अपने कार्य के प्रति सजगता तथा कुशलता का भाव उत्पन्न करता है ।



इसी श्रृंखला में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह की शुरुआत में आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान संरक्षा के लिए बेहतर कार्य करने वाले संरक्षा के सिपाही को सम्मानित किया जाता है। दिनांक 07 नवम्बर, 2023 को संरक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए परमलकसा के स्टेशन मास्टर को सम्मानित किया गया । परमलकसा स्टेशन मे पदस्थ स्टेशन मास्टर राकेश कुमार को दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 को 01.53 बजे रात्रि लाइन नंबर 02 से अप लाइन पर एक माल गाड़ी के गुजरने के दौरान ट्रैक पर अनियमित आवाज सुनाई दी । इससे उन्हें रेल फ्रेक्चर का आभास हुआ । राकेश कुमार ने त्वरित कार्यवाई करते हुये ऑन ड्यूटी ट्रेफिक असिस्टेंट को आवाज आने कि दिशा में ट्रैक का मुआयना करने भेजा । ट्रेफिक असिस्टेंट रवीद्र गोडबोले ने ट्रैक पर फ्रेक्चर पाया और अबिलंब वॉकी टॉकी से स्टेशन मास्टर रवेन्द्र कुमार को सूचित किया । रवीन्द्र कुमार ने अप लाइन पर तुरंत आवाजाही रोक दी और तत्पश्चात कंट्रोल ऑफिस को इसकी सूचना दी । इसके पश्चात संबन्धित अधिकारी ने इसे संज्ञान में लेते हुये रेल फ्रेक्चर को सही किया। राकेश कुमार/ स्टेशन मास्टर परमलकसा ने अपनी सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए संरक्षा को सुनिश्चित किया । रवीद्र कुमार के अपनी कर्तव्यनिष्ठा को सतर्कता एवं कुशलता से निर्वहन करने के लिए महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्वा मध्य रेलवे आलोक कुमार ने उन्हें अक्तूबर माह के महाप्रबंधक संरक्षा सम्मान से सम्मानित किया।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सहित समस्त प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे । इस दौरान महाप्रबंधक ने रवीद्र कुमार से संवाद किया तथा उनकी सतर्कता और कुशलता के लिए प्रोत्साहित भी किया । महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार ने अपने संदेश में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समस्त रेलकर्मी को इस उत्कृष्ट कार्य से प्रेरित किया ।

## महिलाओ ने रैली निकालकर मतदान करने किया अपील

**भिलाई।** 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के दिन हर मतदाता अपने नैतिक कर्तव्य को निभाते अनिवार्य रूप से मतदान करने को लेकर जागरूकता हेतु मशाल रैली निकाली। चुनाव के दिन शत प्रतिशत मतदान के लिए सैंकड़ों की संख्या समूह की महिलाए निगम के कर्मचारी एकत्र हुए और नारा लगाते हुए मतदान के प्रति जागरूक किये। भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम द्वारा जोन 01 में अवंति बाई चौक से वैशालीनगर रोड और जोन 04 में पावर हाउस मार्केट में मशाल रैली निकाला गया। कार्यक्रम में हाथो में मोबाइल टॉर्च और तखती लेकर अनिवार्य रूप से मतदान करते हुए लोकतंत्र को मतबूत करने में अपना सहयोग करने हेतु मतदान हमारा नैतिक कर्तव्य है हम निष्पक्ष एवं निर्भिक होकर 17 नवंबर को मतदान करने के लिए जागरूक किये।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### हसदेव नदी में डूबने से फिर हुई हाथी के बच्चे की मौत

**कोरबा (ए)।** कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज के ग्राम खुरूपारा के निकट हसदेव नदी में डूबने से एक माह के हाथी के बच्चे की मौत हो गई। यह घटना हाथियों के दल के नदी पार करते समय हुई है। साल दर साल हाथी के अलावा ग्रामीणों की मौत आंकड़ा बढ़ते ही जा रहा है। हाथी मानव द्वंद्व थमने का नाम नहीं ले रहा। केंदई और पसान रेंज हाथी के चिंघाड़ से थर्राया हुआ है। ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। जिले में 17 नवंबर को चारों विधानसभा के लिए मतदान होनी है। सुरक्षा की दृष्टि निर्भय मतदान कराना निर्वाचन के लिए चुनौती बनी है।

हाथी-मानव द्वंद्व के बीच मानव ही नहीं बल्कि हाथियों की जान जा रही है। हाथियों की बढ़ती संख्या और उत्पात के बीच प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों अब समझौता की जिंदगी जीना पड़ रहा है। कटघोरा वन मंडल में 51 हाथी इन दिनों दो दलों में विचरण कर रहे हैं। इनमें पहला दल जिनकी संख्या 30 वे केंदई में हैं। वहीं 21 हाथी पसान में विचरण कर रहे हैं। मंगलवार को 30 हाथियों का दल देर रात कोरबी जंगल से निकल खुरूपारा जा रहा था। दल में एक माह का नन्हा हाथी भी था। हसदेव नदी पार करते समय बड़े हाथियों के पांव तले दब जाने व पानी पी लेने की वजह से मौत हुई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग सक्रिय हुआ। दो माह पहले कोरबा वन परिक्षेत्र के पसरखेत रेंज में एक नन्हे हाथी की मौत हुई थी।

### ओडिशा से आटो में गांजा ला रहे दो तस्कर, गिरफ्तार

**रायगढ़ (ए)।** ओडिशा से रायगढ़ कनकपुरा मार्ग होते हुए ऑटो में गांजा ला रहे हैं दो तस्कर को चकध्रर नगर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। तस्करों के कब्जे से 10 किलो गांजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपितो पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

थाना प्रभारी चक्रधरनगर को सूचना मिली कि कनकतोरा ओडिशा- एकताल रोड़ की ओर से दो व्यक्ति जिसमें से एक व्यक्ति पान मसाला के थैला के अंदर एवं दूसरा व्यक्ति काला रंग के बैग में मादक पदार्थ गांजा लेकर सवारी ऑटो से रायगढ़ की ओर निकले हैं। थाना प्रभारी द्वारा एकताल बैरियर पर लगे एसएसटी टीम को अलर्ट कर गांजा रेड के लिए टीम एकताल रवाना किया गया। चक्रधरनगर पुलिस टीम द्वारा एकताल बेरियर के पास ओड़िशा की ओर से आ रही ऑटो क्रमांक सीजी 13 वाई 6493 को रुकवाया गया।

# सड़क हादसे में तीन शिक्षकों की मौत, स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कर वापस लौट रहे थे

**कोंडागांव (ए)।** जिले में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। चुनाव कराकर वापस लौट रहे मतदान कर्मियों की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। इसमें मतदान दल में शामिल तीन शिक्षकों की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक कई घंटे तक गाड़ी में ही फंसे रहे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को बाहर निकाला।




मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक शिव नेताम निवासी बेड़मा, संतराम नेताम निवासी अंचलापारा धनोरा और हरेंद्र उईके की ड्यूटी विधानसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए लगी थी। निर्वाचन कार्य संपन्न करने के बाद बोलेरो वाहन से तीनों वापस घर लौट रहे थे।

सुबह तकरीबन चार बजे जैसे ही गाड़ी बहीगांव के पास पहुंची, सामने से आ रही ट्रक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में शिव नेताम और संतराम नेताम की मौके पर ही मौत हुई और हरेंद्र उईके गम्भीर रूप से घायल हुआ। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही केशकाल पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे गंभीर रूप से घायल को बाहर निकाल अस्पताल भेजा, कुछ देर बाद जहां पर उनकी भी मौत हो गई। पुलिस तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पुल से रेलवे ट्रैक पर गिरी इनोवा को मालगाड़ी ने मारी टक्कर, तीन की मौत

**रायगढ़ (ए)।** जिले के कर्जत क्षेत्र में एक भीषण हादसा हो गया है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य लोग घायल हुए हैं। यह हादसा कर्जत के नेरल किरवली ब्रिज पर हुआ, जब एक इनोवा पुल से नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गई। इसी दौरान मालगाड़ी ने इनोवा में टक्कर मार दी। मालगाड़ी की टक्कर से यह हादसा हुआ। हादसे में तीन की मौत हो गई है, जबकि दो घायल हैं। घायलों को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



15 फिट नीचे गिरी इनोवा बता दें कि नेरल किरवली ब्रिज पर एक इनोवा गाड़ी जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर इनोवा गाड़ी पुल से सीधे 15 फिट नीचे रेलवे ट्रैक पर जा गिरी गाड़ी। वहीं गाड़ी के रेलवे ट्रैक पर गिरने के बाद उसी ट्रैक पर एक मालगाड़ी भी आ गई। इसके बाद पटरी से जा रही तेज रफ्तार मालगाड़ी की टक्कर लगने के कारण यह हादसा हुआ।एमजीएम अस्पताल में भर्ती हैं घायल बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त गाड़ी में पांच लोग सवार थे। इनमे से तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। वहीं दो लोगों को कामोठे के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है। बता दें कि यह हादसा रात में साढ़े तीन बजे हुई है।

## शराब पीने के लिए नहीं दिए पैसे तो चाकू से हमला, दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आजाद चौक थाना पुलिस ने टिल्लू बाघ उर्फ अशोक और संजू मानिकपुरी को गिरफ्तार किया है।

दरअसल, लक्ष्मी कुंबी ने थाना आजाद चौक में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अर्जुन नगर समता कालोनी में रहती है। प्रार्थिया चार नवंबर की रात करीबन 12.00 बजे खाना खाकर अपने पति एवं बच्चों के साथ घर में रहे थे। रात एक बजे बजे घर के दरवाजे को बाहर से खटखटाने की आवाज आई तब वह अपने पति राहुल कुंबी के साथ उठकर दरवाजा खोली तो देखी कि टिल्लू अपने साथी संजू मानिकपुरी के साथ खड़ा था। प्रार्थिया का पति राहुल ने टिल्लू से पूछा क्या हुआ तो टिल्लू बोला शराब पीना है पैसा चाहिए। पैसा देने से मना करने पर दोनों गालीगलौज करने लगे।

इसके बाद दोनों राहुल कुंबी को जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकू से उसके पेट पर हमला कर कर भाग गए। पुलिस ने अपराध दर्ज कर दोनों की पतसाजी शुरू की। आरोपित फरार चल रहे थे, रेड कार्रवाई कर उन्हें पकड़ा गया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त किया गया।

## पुरानी रंजिश पर ईंट से चेहरे पर किया कई बार वार, युवक गंभीर

**बिलासपुर (ए)।** नवरात्र के दौरान हुए विवाद को लेकर युवक ने मोबाइल दुकान संचालक के भाई पर हमला कर दिया। ईंट से कई बार वार कर युवक ने व्यवसायी के भाई को लहूलुहान किया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए लोगों को भी जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। रतनपुर क्षेत्र के ग्राम लखराम में रहने वाले गर्जन केंवट किसान हैं। उनका भतीजा घर के पास ही मोबाइल दुकान चलाता है। सोमवार की रात अश्वनी मोबाइल दुकान के सामने बैठा था। गांव में रहने वाला महेश केंवट आया। उसने नवरात्र के दौरान हुए विवाद को लेकर अश्वनी से गाली-गलौज की।

## मामूली विवाद में एक पक्ष के युवको ने दुसरे पक्ष पर किया चाकू से हमला, एक गंभीर

**कोटा (ए)।** छत्तीसगढ़ के कोटा के रतनपुर पुलिस ने हत्या का मारपीट कर चाकूबाजी करने वाले 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। चाकूबाजी में घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती में करवाया गया है, युवक का इलाज जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार, नीतेष कहरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी कि, शाम 7 बजे प्रार्थी अपने दोस्त उद्धव बरिहा, संजय सिदार और उदित आर्मो के साथ दुलहरा तालाब पार्टी कर रहे थे और आपस में मजाक कर रहे थे। पास में कुछ और युवकों का दल पार्टी कर रहा था, उनको लगा कि प्रार्थी व उनके साथी उन लोग को गाली दे रहे हैं, तो वे लोग उत्तेजित होकर प्रार्थी व उसके दोस्त लोग के पास आये और हमे गाली क्यों दे रहे हो कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। दुर्गेश साहू, राजू यादव व अन्य लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुकका व लात से



मारपीट करने लगे। हत्या की नीयत से आरोपियों ने पास में रखे चाकू से उदित के पेट व सीने में जानलेवा हमला कर दिया और उदित बेहोश होकर वहीं गिर गया। चाकूबाजी कर आरोपी फरार हो गए

चाकूबाजी में घायल युवक को तत्काल रतनपुर अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे बिलासपुर रिफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और आरोपियों के फरार होने से पहले उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध धारा 447,48,49, 294, 506, 323, 307 कार्यवाही की गयी है।

## दुर्ग का शातिर बदमाश जिला बदर कलेक्टर के आदेश पर हुई कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर शातिर गुण्डा बदमाश आईएमआई चौक मोहन नगर निवासी राकेश घुघल उर्फ वालिया को जिला बदर कर दिया है। राकेश घुघल के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(ख) के अंतर्गत जिलाबदर की कार्रवाई करते हुए एक वर्ष दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, रायपुर, धमतरी जिलों की सीमाओं से 3 नवम्बर 2023 से एक सप्ताह के भीतर बाहर जाने का आदेश पारित किया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि 3 नवम्बर 2023 से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं पर जिला दण्डाधिकारी की अनुमति के बिना प्रवेश नही दिया जाएगा। राकेश घुघल द्वारा अब तक 16 अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया गया।




मिली जानकारी के अनुसार राकेश घुघल उर्फ वालिया थाना मोहननगर क्षेत्र का आदतन अपराधी है। गुण्डागर्दी, मारपीट तथा आम जनता को डरा धमका कर अवैध वसूली करना उनकी दिनचर्या बन गई है। आम लोगों को हथियार दिखाकर भयभीत करना, मारपीट करना, जन सामान्य को गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी देना। सरेराह मारपीट कर चोट पहुंचाना, महिलाओं से छेड़छाड़ करना, लोगों को आतंकित करना, आटो, मिनीडोर चालकों को धमकाकर अवैध वसूली करना, मोहन नगर कॉलोनी व रेल्वे स्टेशन के आस-पास के होटल, बार, पान ठेला से सामान ले लेना, उसका पैसा नहीं देना तथा पैसा मांगने पर मारपीट करना उसका सामान्य प्रवृत्ति बन गया था।


अपराधिक प्रवृत्ति के कारण आम लोगों को जानमाल का खतरा बना रहता था। राकेश घुघल के विरूद्ध की गई समस्त वैधानिक कार्यवाही से उसकी अपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नही हुआ। राकेश घुघल पर सामान्य विधि के अंतर्गत की गई कार्यवाही का प्रभाव बेअसर रहा। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के द्वारा भी इसके अपराधिक कृत्यों पर अंकुश नही लगाया जा सका। राकेश घुघल के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन चैन तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राकेश घुघल के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

# बिलासपुर से तीन बदमाश जिला बदर, एसपी की अनुशंसा पर कलेक्टर ने जारी किया आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में शांतिपूर्ण चुनाव कराने बदमाशों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। आचार संहिता दौरान कुछ दिन पूर्व एक अन्य बदमाश को जिला बदर और दो के ऊपर रासुका के तहत कार्रवाई की गई थी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर अवनीश शरण ने पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की अनुशंसा पर जिले के आदतन अपराधी सुहेल खान उर्फ मोहम्मद मुस्तकीम (22) राहुल माखीजा (24) और सुनील कुर्रे (33) को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस द्वारा दर्जनों अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर ऑफिस में भेजा गया है, जो प्रक्रिया में हैं।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत् दाण्डिक प्रकरणों में पारित आदेश 6 नवंबर के अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर जिला- बिलासपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला कोरबा जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बलौदा बाजार जिले क्षेत्र से छह माह की अवधि के लिए बाहर चले





जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इन सभी को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

इन बदमाशों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई अपराध में चालान और कार्रवाई हुई है। सुहेल खान के खिलाफ वर्ष 2018 से लेकर मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी, हत्या का प्रयास व चोरी के कुल छह अपराध पंजीबद्ध है। राहुल माखीजा के खिलाफ 2017 लगातार मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी, जान से मारने की धमकी देने, हत्या का प्रयास, पैसों की अवैध वसूली एवं सामानों को तोड़फोड़ कर क्षति कारित करने जैसे गंभीर अपराध घटित कर आमजन को आतंकित करने एवं उनके मध्य भय उत्पन्न करने में संलिप्त है। उसके विरुद्ध कल 15 अपराध और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हुई है। सुनील कुर्रे ने वर्ष 2008 से लगातार मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी जान से मारने की धमकी देने, व वसुली जैसे गंभीर अपराध किया है, उसके खिलाफ कुल 19 अपराध व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हुई है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# कांग्रेस, गांव-गरीब और किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध; जो कहा वो किया, वादा है, फिर निभाएंगे

श्रीकंचनपथ इलेक्शन न्यूज

भिलाई। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करती है। इस बार भी हमने जो घोषणा-पत्र जारी किया है, उसके वायदों को पूरा किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस, गांव गरीब और किसानों के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जनसम्पर्क कर मतदाताओं से रूबरू हो रहे श्री साहू को स्थानीय नागरिकों का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। अपने चिर-परिचित अंदाज में ताम्रध्वज साहू मतदाताओं को छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियां बता रहे हैं।





## कांग्रेस ह जो करिस, कोनो नई कर पाय

जनसम्पर्क के दौरान श्री साहू लगातार मतदाताओं के समक्ष प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बता रहे हैं। मतदाता भी कांग्रेस के प्रति भरोसा जता रहे हैं। मतदाताओं का कहना है कि पूर्ववर्ती सरकारों ने आज तक उनके क्षेत्र को उपेक्षित रखा, लेकिन कांग्रेस के सरकार आय के बाद, इहाँ भी बिकास होना सुरु होइस। मतदाताओं का साफ कहना था कि कांग्रेस ह जो करिस, वो कोनो नई कर पाय। पिछले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी ने तत्कालीन सांसद श्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र से विधानसभा चुनाव के मैदान में उतार दिया था। तब से लेकर अब तक मतदाताओं का स्नेह व विश्वास श्री साहू के प्रति बरकरार है। छत्तीसगढ़ सरकार में गृहमंत्री रहते हुए श्री साहू ने दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी। उन्होंने अपने पंचवर्षीय कार्यकाल में इस पूरे क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई। विकास से अछूते गांवों को मुख्यधारा में लाने की भरसक चेष्टा की। आज उनके प्रयासों का नतीजा दिखता है। क्षेत्र के मतदाता भी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू चुनावी जनसंपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विनायकपुर, अंडा, जंजगिरी के साथ ही मतवारी, रिसामा, मातरोडीह, कातरो, चिरपोटी, मंचादुर व खोपली, काशीडीह और घुघसीडीह में जनसंपर्क किया। इस दौरान अपने उद्बोधन में श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता से जो वादे किए थे, वे सभी पूरे किए गए हैं। कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को अपने विकास का हिस्सा बनाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को कुछ ना कुछ दिया है।

कांग्रेस सरकार लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। एक नवंबर से धान की खरीदी शुरू हो गई है। इस बार पहले ही अपेक्षा ज्यादा धान की खरीदी की जाएगी। कांग्रेस सरकार अब प्रति एकड़ पर 15 क्विंटल की बजाय 20 क्विंटल खरीद रही है। हमारी सरकार बनते ही एक बार फिर से किसानों का कर्ज़ माफ किया जायेगा, 200 यूनिट बिजली माफ, केजी से पीजी तक पढ़ाई निःशुल्क, गैस सिलेंडर में 500 रूपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को देश में धान की सबसे ज्यादा कीमत मिल रही है। कांग्रेस सरकार ने आंगनवाड़ी बहनों का भत्ता बढ़ाकर 10 हजार किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी गांव गरीब के विकास के लिए सदैव तत्पर रहती है। कांग्रेस शासन में गांवों के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई गई, उसका लाभ सभी वर्गो को मिल रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में करोड़ों की राशि से प्रत्येक ग्राम में विभिन्न विकास कार्य हुए है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में सड़क, पुल-पुलिया, स्वास्थ, पेयजल, कालेज एवं शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, नया भवन निर्माण एवं प्रत्येक ग्रामों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का कार्य किया है। हमारी सरकार हमेशा विकास के उद्देश्य को लेकर चलती है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में अभी तक हर क्षेत्र में विकास किया है।

जनसम्पर्क के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, कृषि सभापति योगिता चंद्राकार, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, कृषि मंडी सदस्य तारकेश्वर चंद्राकार, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष झमित गायकवाड , दिवाकर गायकवाड, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, किसान जिला अध्यक्ष पुकेश चंद्राकार, विधायक प्रतिनिधि पिलेश्वर साहू, प्रवीण चंद्राकार, मीना सूर्यवंशी, मलेश निषाद, जामवंत गजपाल,जनपद सदस्य लेखन साहू, डोमन भारती, मनीष चंद्राकार, चांद खान, डॉ चेलक, विकास चंद्राकार, सरपंच ग्राम अंडा उमादेवी चंद्राकार, सरपंच जंजगिरी रेखा अजय चतुर्वेदी, सरपंच मतवारी केशरी साहू, सरपंच रिसामा गीता बैकुंठ महांनद,सरपंच कातरो मंजू यदु,सरपंच चिरपोटी पोषण साहू, सरपंच मंचादुर दिलीप साहू, उपसरपंच खोपली सुमन साहू,सरपंच घुघसीडीह गोवर्धन बारले सहित जोन सेक्टर बूथ प्रभारी, राजीव युवा मितान क्लब, गोठन अध्यक्ष एवम् बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सम्मानित किए गए तेंगसूडो चैम्पियनशिप के खिलाड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ तेंगसूडो स्पोर्ट्स एसोशियेसन के द्वारा एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मिरज जिला-सांगली में आयोजित 20वीं नेशनल तेंगसूडो चैम्पियनशिप 2023 के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इन विजेता खिलाड़ियों में पर्णवी जंघेल, सोनालिका साहू, मेघा साहू, अंजली कुमारी, इन्द्राणी साहू, शालू पाल, वर्षा साहू, माही साहू, उन्नति यादव, जया साहू, माधुरी, अंजू, एन. आयुष, शैलेष साहू, राजीव देवांगन, आरव, स्मित मेश्राम, शिवांशु बिस्वाल को विजयी प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

साथ में ब्लैक बेल्ट की परीक्षा में सफलता प्राप्त किये खिलाड़ी पर्णवी जंघेल, मनुराज जंघेल, सोनालिका साहू को ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ये सभी खिलाड़ी अगले माह दिसंबर में दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

प्रमाण पत्र वितरण के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तम वर्मा संचालक यू.व्ही. पावर सर्विस स्टेशन कुरूद, राजकुमार तिवारी जनरल मैनेजर-महिन्द्रा स्पंज तिल्दा, एस.के. पटेल निक्को-ऑफिसर स्टोर इंचार्ज, एस. पाण्डेय, प्रमोद तिवारी अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ तेंगसूडो स्पोर्ट्स एसोशिऐसन, दिनेश कुमार साहू कोषाध्यक्ष- छत्तीसगढ़ तेंगसूडो स्पोर्ट्स एसोशिऐसन, रंजन डे कोच, आनंद साहू शिक्षक-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा, लक्ष्मी जंघेल कोच, डिगेश्वरी साहू कोच और फुलेश्वरी साहू कोच आदि उपस्थित थे।

# जिला चिकित्सालय दुर्ग में गर्भवती महिला का हुआ सफल ऑपरेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में विगत 25 अक्टूबर 2023 प्रातः 4:50 को मुड़पार कलश वार्ड क्रमांक 7 बेमेतरा निवासी श्रीमती दुर्गा पति भूपत वर्मा गर्भवती महिला भर्ती हुई जिनका बच्चादानी फटा हुआ था बच्चे का सिर भी नीचे था। सोनोग्राफी के अनुसार उनका जचकी 15 अक्टूबर 2023 को होना था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला का पूर्व में प्रथम प्रसव सीजर ऑपरेशन से हुआ था जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए रक्त व्यवस्था कर ऑपरेशन किया गया और मां एवं बच्चे को बचाया गया। बच्चा साढ़े 3 किलो का है । समय से ज्यादा गर्भ में रहने , पोस्ट कंजमक होने से उसका गर्भ/बचादनी फ ट गया था जबकि इसका सामान्यतया सीजर ऑपरेशन 5 अगस्त तक हो जाने से माता का बच्चा दानी नही फटता। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण साहू एवं आर एम ओ डॉ. अखिलेश यादव के मार्गदर्शन में उपरोक्त महिला का ऑपरेशन डॉ. बीआर साहू गायनोकोलाजिस्ट डॉ. बसंत चौरसिया निश्चेतना विशेषज्ञ स्टाफ नर्स रजनी एवं समस्त टीम के द्वारा किया गया। वर्तमान में उपरोक्त क्रिटिकल ऑपरेशन के उपरांत माता और बच्चा दोनो स्वस्थ है।

# मतदान अधिकारियों को दल के साथ दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान कार्य के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान दल-1, 2, 3 व 4 की नियुक्ति प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए किया गया है। इन 1485 मतदान दल अधिकारियों को समूह में संयुक्त रूप से उनके दल के साथ आज बीआईटी कॉलेज में प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दलों को दल के साथ प्रशिक्षण देते हुए निर्वाचन कार्य के लिए अपनायी जाने वाली सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही साथ समूह में प्रशिक्षण लेने से मतदान दल को अपने दल के अधिकारियों से रू-ब-रू होने का भी अवसर मिला है। संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी, मतदान दल 1, 2, 3 व 4 को उनके कर्त्तव्यों और दायित्वों की जानकारी दी गई। मतदान दलों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने कहा गया है। पीठासीन अधिकारी, मतदान दल-1, 2, 3 व 4 को वोटिंग के दौरान अपनायी जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही वीवीपैट के पेपर रोल, कंपाटमेंट, बैलेट स्लीप कंपाटमेंट, पावर पैक कंपाटमेंट और कन्टेनर कंपाटमेंट के संबंध में अवगत कराया गया। मॉकपोल शुरू करने के पहले पावर स्वीच ऑन करना और मॉकपोल के बाद पावर स्वीच ऑफ करने के साथ ही निर्धारित समय पर मॉकपोल की प्रक्रिया सावधानीपूर्वक पूर्ण करने की सलाह दिए।

इस दौरान मशीन सिंलिंग, अड्रेस ट्रैक, एजेंट का हस्ताक्षर, पीठासीन अधिकारी का घोषणा पत्र के साथ निर्वाचन कार्य में बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया।

## विधायक देवेंद्र की विश्वास यात्रा

# लोगों का मिल रहा समर्थन, जनता ने दिया जीत का आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा निकाल रहे है। इसी के साथ ही अब विधायक यादव आम सभा भी ले रहे हैं। 7 नवम्बर को विधायक श्री यादव ने हुडको, सेक्टर 1, सेक्टर 4, सेक्टर 3 सेक्टर 6 में विश्वास यात्रा निकाली। इसके अलावा काली मंदिर के पास वार्ड 49 खुर्सीपार, वार्ड 38 शास्त्री मार्केट, वार्ड 51 राजेंद्र प्रसाद नगर, वार्ड 43 बापू नगर में आम सभा ली। जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और जीत का अशीर्वाद दिए।



जनता ने देवेन्द्र यादव पर पूरा विश्वास जताया और अपना भारी समर्थन दिया। सिर्फ यही नहीं हुडको के लोगों ने विधायक यादव का जमकर स्वागत किया।

पुष्प भेंट किए और कई जगह पर पुष्प वर्षा भी की गई। इस दौरान विधायक श्री यादव डोर टू डोर जनसंपर्क किए। लोगों से मिले, सभी परिवार का हालचाल पूछा। बड़े बजुर्गों को हाथ जोड़कर प्रमाण किए। युवाओं से हाथ मिलाए और गले मिलकर अभिवादन किए। हजारों की संख्या में युवाओं की टीम भी विश्वास यात्रा में पूरे विश्वास के साथ घूम रही है। कई जगह पर विधायक का लोगों ने स्वागत किया। पुष्प अर्पित किए और विजय तिलक लगाकर आरती उतार कर माताओं और बहनों ने विधायक देवेन्द्र यादव को जीत का आशीर्वाद दिए।

इसके बाद विधायक देवेन्द्र यादव ने आमसभा भी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म। आप सभी का प्रेम और विश्वास ही मेरी असली पूंजी है। हमेशा से भिलाई की जनता का प्रेम और आशीर्वाद मुझे मिलते रहा है और मुझे पूरी उम्मीद है कि आगे भी यह प्रेम और विश्वास बना रहेगा। आप लोगों ने मुझे सेवा का मौका दिया। हमने और हमारी कांग्रेस की सरकार ने भूपेश बघेल जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में चहुमुखी विकास हुआ है। हमारी सरकारी ने हर परिवार का राशन र्ड बनाया।

हर जरूरमत को पट्टा योजना का लाभ दिए। पूरे प्रदेश में बिजली बिल आफ की योजना लागू किए। खेल को बढ़ावा देने और खुर्सीपार के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और खेल सुविधा देने राजीवगांधी स्टेडियम, नेशनल स्तर का इंडोर स्टेडियम बनवाएं। हुडकों में भी बड़ा खेल मैदान बनवाएं है। सिर्फ यही नहीं हर वार्ड में बैंडमिटन कोर्ट बनाया गया। गरीब परिवार जो अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में नहीं पढ़ा पा रहे थे, उनके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू किए। ऐसे कई विकास कार्य भिलाई में हुए।

## भिलाई स्टील प्लांट ने ध्वस्त किये 12 साल पुराने रिकॉर्ड्स

# अप्रैल से अक्टूबर तक अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक, इस वित्तीय वर्ष के पहले सात महीनों में उत्पादन के लगभग सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाईयां दर्ज की है। कोक ओवन में ओवन पुशिंग से लेकर ब्लास्ट फर्नेस कोक, सिंटर, हॉट मेटल और क्रूड स्टील का उत्पादन, ब्लूम और बिलेट उत्पादन, विशेष ग्रेड प्लेट उत्पादन और रेल उत्पादन से लेकर कुल फिनिश्ड स्टील और सेलेबल स्टील उत्पादन के साथ-साथ स्टील की लोडिंग, डायरेक्ट डिस्पैच में संयंत्र ने उच्च प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड दर्ज किया है।

ऐसा करते हुए, संयंत्र ने अपने 12 साल पहले बनाए गए कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

**सिंटर:** संयंत्र के सिंटर प्लांट ने कुल सिंटर का उत्पादन अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल 5,061,340 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2010-11 में बनाये गए 4,605,346 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है।

**क्रूड स्टील:** क्रूड स्टील का अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल उत्पादन 3,296,837 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2010-11 में बनाये गए 3,086,305 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है।

**कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग:** इसी कड़ी में संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने, अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में प्रतिदिन 804 इक्यूवेलेंट ओवन की पुशिंग करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ पुशिंग रिकॉर्ड बनाया है। कोक ओवन का पिछला सर्वश्रेष्ठ ओवन पुशिंग का रिकॉर्ड अक्टूबर 2010-11 को प्रतिदिन 766 इक्यूवेलेंट ओवन की पुशिंग का था।

**ब्लास्ट फर्नेस कोक:** ड्राई बीएफ कोक का उत्पादन अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल 1,912,502 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2010-11 में बनाये गए 1,828,398 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है।

**हॉट मेटल:** हॉट मेटल का अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल उत्पादन 3,483,198 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2010-11 में बनाये गए 3,312,278 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950